

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 26 फरवरी 2025





# निकाली बाबा महाकाल की शोभायात्रा, भूत-प्रेत, नंदी और अघोरी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी 6 वर्ष की परंपरा के अनुरूप संस्कारधानी महाकाल मित्र मंडल द्वारा महाशिवरात्रि से एक दिन पूर्व शहर में भव्य बाबा महाकाल की शोभायात्रा निकाली गई। उज्जैन की तर्ज पर आयोजित इस शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वही शोभायात्रा के दौरान धार्मिक, सामाजिक संस्कृति की झलक दिखाई दी। शोभायात्रा में कलाकार भगवान भोलेनाथ के विभिन्न वेशभूषा में शामिल हुए।

शहर के गुरुद्वारा चौक से भव्य महाकाल यात्रा महाकाल मित्र मंडल द्वारा निकाली गई। इस यात्रा की शुरूआत बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना के साथ की गई। महाकाल की इस शोभायात्रा में विभिन्न वाद्य यंत्रों के साथ कलाकारों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति दी। वहीं यात्रा में छत्तीसगढ़ी आदिवासी संस्कृति की झलक भी दिखाई दी। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन की तर्ज पर निकाली गई शोभायात्रा में बाबा महाकाल की झांकी बनाई गई।



### बाबा की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

महाकाल की शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ भूत, प्रेत, नंदी भी शामिल हुए। महाशिवरात्रि से पूर्व निकली शोभायात्रा के दौरान शहर में भगवान शिव के भजन, शिव तांडव और भोलेनाथ के जयकारे शहर गुंजायमान होता रहा।

### उज्जैन की तर्ज पर यात्रा

महाशिवरात्रि से एक दिन पूर्व निकाली गई शोभायात्रा को लेकर बाबा महाकाल के भक्त एवं आयोजन समिति के संस्थापक निखिल द्विवेदी ने बताया कि प्रतिवर्ष बाबा महाकाल की भव्य शोभायात्रा शहर में निकाली जाती है। जिसमें विभिन्न वाद्य यंत्रों के साथ कलाकार अपनी आकर्षक प्रस्तुति देते हैं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा उज्जैन की तर्ज पर आयोजित की जाती है। उज्जैन नहीं जा पाने वाले श्रद्धालुओं को यहां इस यात्रा में शामिल होने का सौभाग्य मिलता है।



### महाकाल सेना निकालेगी शोभायात्रा

महाकाल मित्र मंडल द्वारा आयोजित शोभायात्रा के दूसरे दिन महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर के नंदई कुंआ चौक से महाकाल सेना द्वारा दोपहर 03 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### कलाकार बने अघोरी

शोभायात्रा के दौरान कलाकारों ने भगवान शंकर की विभिन्न वेशभूषा में अपनी कला की प्रस्तुति दी। वहीं इस दौरान कलाकार अघोरियों का रूप धारण कर शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा शहर के गुरुद्वारा चौक से निकालकर महाकाल चौक होते हुए दुर्गा चौक, सदर बाजार, कामठी लाइन से सिनेमा लाइन होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान जयस्तंभ चौक में अघोरी बने कलाकारों का स्टेज प्रोग्राम भी आयोजित किया गया।

## आज से छुईखदान में होगी आरक्षक भर्ती, केसीजी जिला एसपी को जिम्मा

# जिस कंपनी की गलती से रद्द हुई भर्ती, फिर उसी को जिम्मा, 20 हजार को दोबारा देना होगा टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव, खैरागढ़, कवर्धा और मोहला-मानपुर जिले के लिए आरक्षक भर्ती की प्रक्रिया आज से दोबारा शुरू होने जा रही है। नवंबर-दिसंबर महीने में हुई प्रक्रिया को पूरी तरह से रद्द कर दिया गया। करीबन 20 हजार ऐसे अभ्यर्थी हैं, जिन्होंने दो महीने पहले भी अपना फिजिकल टेस्ट दे दिया था। जिसके चलते अब दोबारा अभ्यर्थियों को अपना फिजिकल टेस्ट देना होगा।

वहीं बड़ी बात यह है कि जिस हैदराबाद की कंपनी की लापरवाही के चलते पूरी भर्ती प्रक्रिया सवालों के घेरे में आई थी। उसी कंपनी के जरिये ही फिर से भर्ती प्रकिया कराई जा रही है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि इस बार किसी भी प्रकार की गलतियां नहीं होगी, इसकी जवाबदारी कौन लेगा। जबकि इससे पहले भी तीन हजार से अधिक एंट्री गलत पाए जाने के बावजूद प्रदेश सरकार ने कंपनी के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया, बल्कि रोजी में काम करने वाले ऑपरेटरों के खिलाफ एफआईआर कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 26 फरवरी से यह प्रक्रिया केसीजी जिले के छुईखदान ब्लॉक में शुरू की जाएगी।

भर्ती प्रक्रिया केकती बाड़ी मैदान आत्मानंद स्कूल छुईखदान के सामने कराई जाएगी। भर्ती को लेकर सभी अभ्यर्थियों को तिथि का एलॉटमेंट भी कर दिया गया है। भर्ती प्रक्रिया का जिम्मा केसीजी जिला एसपी को दिया गया है।

## रोजाना डेढ़ से दो हजार अभ्यर्थी होंगे भर्ती प्रक्रिया में शामिल



### 66 हजार अभ्यर्थी होंगे भर्ती में शामिल

मिली जानकारी के अनुसार इस आरक्षक भर्ती में करीबन 66 हजार अभ्यर्थी शामिल होने वाले हैं। जबकि इससे पहले पिछले साल नवंबर-दिसंबर महीने में इन 66 हजार में से ही करीबन 20 हजार ने अपना शरीरिक दक्षता टेस्ट दे दिया था। ऐसे में इन अभ्यर्थियों को भी कंपनी और पुलिस महकमे की गलती के चलते दोबारा टेस्ट देना होगा। भर्ती प्रक्रिया के लिए पुलिस महकमे के दो सौ कर्मचारियों की तैनाती भी की गई है।

### एफआईआर के बाद गिरफ्तारी

आरक्षक भर्ती संवर्ग में मशीन में छेड़खानी कर अंक में लाभ दिलाने के मामले में अपराध क्रमांक 568/24 धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान विवेचना के सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल चैटिंग मैसेज एवं गवाहों के बयान के अलावा अन्य साक्ष्य सबूत जमा किया गया। इसके साथ ही भर्ती के दौरान की डिजिटल साक्ष्य और संदेहियों से पूछताछ के आधार पर आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर दर्जनभर को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### भर्ती में गड़बड़ी, दर्जनभर गिरफ्तार

पुलिस आरक्षक भर्ती मामले में पुलिस महकमे ने अब तक कुल 11 लोगों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई कर ली है। इस मामले में महिला आरक्षक पुष्पा चंद्रवंशी, आरक्षक धर्मराज मरकाम, आरक्षक विकास सिंह राजपूत, आरक्षक कार्तिक देशलहरे, आरक्षक सुंदरलाल नेताम, नुतेश्वरी दुर्वे, आरक्षक पवन साहू, आरक्षक योगेश धुर्वे और परिधी निषाद के खिलाफ एक्शन लेने के बाद अब मंगलवार को महिला अभ्यर्थी नेहा चंद्रवंशी और मीना पात्रे को गिरफ्तार किया गया है।

महाशिवरात्रि पर होगी विधि-विधान से पूजा-अर्चना

# घर-मंदिरों में गूंजेगा ओम नमः शिवाय

राजनांदगांव। देवो के देव महादेव की कल बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके लिए भक्तों ने घर-घर एवं मंदिरों में व्यापक तैयारियां की है। इस मौके पर कल शहर में भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि कल 26 फरवरी को अंचल में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धाभक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियों में आज दिनभर भक्त जुटे रहे।

### मंदिरों में उमड़ेगी भक्तों की भीड़

शहर के प्रमुख मंदिरों में मां शीतला मंदिर, शिव मंदिर गांधी चौक, बांसपाईपारा शिव मंदिर, सिंघोला महाकाल मंदिर, मां पाताल भैरवी मंदिर, शंकरपुर शिव मंदिर, भरकापारा तालाब किनारे शिव मंदिर, रानीसागर स्थित शिव मंदिर, मोहारा शिव मंदिर, सिंघोला भानेश्वरी मंदिर, भानपुरी मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, बालाजी मंदिर, लालबाग दुर्गा मंदिर, मोतीनाथ मंदिर सहित अंचल के अन्य मंदिरों में विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की व्यापक तैयारियां की गई है। वहीं घर-घर में भी पूजा-अर्चना की तैयारी है। सुबह से मंदिरों में भक्तों की उपस्थिति बनी रहेगी।

### पूजा सामग्रियों की मांग

इधर महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए शहर के बाजार में पूजा सामग्रियों की दुकान में सुबह से लेकर देर रात तक लोग पूजा सामग्री खरीदी करने के लिए जुटे रहे। जयस्तंभ चौक में सजे पूजा सामग्रियों की दुकानों में लोगों ने पूजा के लिए सामग्रियां खरीदी करने देर शाम तक पहुंचते रहे। यहां भीड़ की स्थिति के चलते यातायात का दबाव बना रहा। पर्व के लिए मंदिरों के आसपास भी पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है। यहां भी कल जमकर पूजा सामग्रियों की मांग भक्तों के बीच बने रहने की संभावना है।

### शहर में आज भी शोभायात्रा

महाकाल सेना द्वारा कल 26 फरवरी को पर्व के उपलक्ष्य में महाकाल सवारी यात्रा दोपहर 3 बजे कुंआ चौक नंदई से निकाली जाएगी, जो नंदई, सदर बाजार, भारत माता चौक, गंज लाइन, कालीमाई मंदिर, रामाधीन मार्ग, कामठी लाईन, भारतमाता चौक, आजाद चौक, महाकाल चौक, दुर्गा चौक, बांसपाईपारा, इंदिरा नगर से नंदई की ओर जाएगी। नंदई में यात्रा का विश्राम होगा। कालीमाई मंदिर में शिव शक्ति मिलन का आयोजन रहेगा। सत्यनारायण मंदिर में हरिहर मिलन का आयोजन होगा। रात्रि में सिंगदई एवं हल्दी में महाकाल की यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान महाकाल की झांकी के अलावा पालकी बाजे-गाजे एवं झांझ-मंजीरा लोक कलाकारों की प्रस्तुति भी की जाएगी। महाकाल शोभायात्रा को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है।

# जेल में बना कुंड, बंदियों ने लगाई आस्था की डुबकी

■ जेल में की गई कुंभ स्नान की व्यवस्था, बंदियों में खासा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला जेल में आज सुबह का नजारा कुंभ मेले के जैसा नजर आया। यहां बंदियों ने सुबह 8 बजे कुंभ स्नान करते आस्था की डुबकी लगाई। जेल प्रशासन द्वारा प्रयागराज नहीं जा पाने वाले बंदियों की आस्था को देखते हुए जेल में ही कुंभ स्नान करने व्यवस्था की गई थी। इस कुंभ स्नान के लिए बंदियों में भी खासा उत्साह नजर आया।

प्रयागराज में लगे कुंभ मेले में करोड़ों लोगों ने पहुंचकर गंगा स्नान करते आस्था की डुबकी लगाई है। वहीं जेल में बंद होने की वजह से बंदी कुंभ मेले तक नहीं पहुंच पाए। ऐसे में उन्हें इस अवसर के छूटने का मलाल हो रहा था, जिसे देखते हुए जेल प्रशासन द्वारा बंदियों की आस्था को ध्यान में रखकर जेल परिसर के भीतर ही कुंभ स्नान की व्यवस्था बनाई गई। कुंभ स्नान के लिए जेल के भीतर बने स्नानगार पानी टंकी पर प्रयागराज से लाए गए गंगाजल डाला गया। वहीं विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते पानी टंकी पर पुष्प अर्पण किया गया।




### चार सौ बंदी हुए शामिल

जिला जेल में 358 बंदियों ने कुंभ स्नान के इस आयोजन में शामिल होकर पूजा-अर्चना करते हुए आस्था की डुबकी लगाई और प्रयागराज की तरह ही जेल के भीतर बने इस कुंभ का आनंद लिया। जेल के भीतर कुंभ स्नान करने को लेकर बंदियों में खासा उत्साह रहा। सुबह से ही बंदी कुंभ स्नान के लिए तैयार हो गए। सभी ने मां गंगा से प्रार्थना की और जेल के भीतर ही स्नान कर प्रयागराज में स्नान की अनुभूति की।

### जेल प्रशासन द्वारा व्यवस्था

जिला जेल अधीक्षक अक्षय सिंह राजपूत ने बताया कि शासन के निर्देश पर जेल के भीतर कुंभ स्नान किए जाने की व्यवस्था की गई। उन्होंने कहा कि जेल हेड क्वार्टर द्वारा प्रयागराज से जल की व्यवस्था की गई थी। यहां जल पहुंचने पर बंदियों को कुंभ स्नान कराया गया।

# बोर्ड परीक्षा के लिए गोपनीय सामग्री का हुआ वितरण, सुरक्षा के बीच प्रश्न पत्र थानों में जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित की जाने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए आज शहर के स्टेट हाईस्कूल से गोपनीय सामग्री परीक्षा केन्द्रों के निकटतम थानों के लिए रवाना की गई।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि हायर सेकंडरी स्कूल परीक्षा 1 मार्च से 28 मार्च एवं हाईस्कूल परीक्षा 3 मार्च से 24 मार्च तक आयोजित की जा रही है। परीक्षा सुबह 09 बजे से दोपहर 12.30 के मध्य आयोजित होगी। उक्त परीक्षा के लिए जिले में 88 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिसके लिए गोपनीय सामग्री वितरित की गई है।



### उड़नदस्ता दल का गठन

जिले में परीक्षा के दौरान नकल रोकने निगरानी करने हेतु 7 उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। जिसमें जिला स्तर पर 3 उड़नदस्ता दल रहेगा। जिसमें शिक्षा विभाग की दो टीम और जिला प्रशासन की एक टीम शामिल है। वहीं जिले के 4 विकसखंड में एक-एक टीम बनाई गई है।

### 22 हजार परीक्षार्थी

1 मार्च से प्रारंभ हो रही परीक्षा में लगभग 22 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिसमें कक्षा 10वीं में लगभग 13 हजार और 12वीं में लगभग 9 हजार 3 सौ परीक्षार्थी शामिल हैं।

### थानों से परीक्षा केन्द्र पहुंचेगा प्रश्न पत्र

प्रश्न पत्र स्टेट स्कूल से केन्द्राध्यक्षों को वितरित किया गया और प्रश्न पत्रों को सील्ड पैकेट परीक्षा केन्द्रों के निकटतम पुलिस थानों-चौकी की अभिरक्षा में रखा गया है। परीक्षा तिथि को प्रश्न पत्र आधे घंटे से पहले ही थानों से परीक्षा केन्द्रों में पहुंचाया जाएगा।

# भाजपा नेता की कार में मिली अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पंचायत चुनाव के दौरान एक भाजपा नेता की कार में अवैध शराब मिलने के बाद भी पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने का मामला तूल पकड़ लिया है। भाजपा नेता द्वारा मौके पर पुलिस कर्मियों को धमकी दिए जाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस ने इस मामले में जांच के आदेश जारी कर दिए हैं।

सूत्रों ने बताया कि पंचायत चुनाव में बांटने के लिए भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद दीपक चौहान अपनी कार में अवैध शराब ले जा रहे थे। सुकुलदैहान पुलिस ने धनगांव के समीप जब कार को रोककर तलाशी ली तो बोरियों में डंप अवैध शराब मिली। ज्ञात हो कि पूर्व में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान आबकारी विभाग ने डोंगरगढ़ भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री के पास से मध्यप्रदेश निर्मित बड़ी मात्रा में शराब जब्त की थी।

### जांच के आदेश

पुलिस ने अवैध शराब पर जैसे ही कार्रवाई करना शुरू किया, दीपक ने मौके पर खड़े जवानों को धमकी दी। नेताओं के दबाव के चलते पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस मामले का वीडियो मंगलवार को दिनभर सोशल मीडिया में वायरल होता रहा। मामले को तूल पकड़ता देख पुलिस ने जांच के आदेश जारी किए हैं। सुकुलदैहान चौकी प्रभारी मनीष धुर्वे का कहना है कि कार में अवैध शराब मिली थी। इधर एएसपी राहुल देव शर्मा ने कहा कि मामले में जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं।


## दोनों दलों की नजर निर्दलियों पर, संपर्क साधने की कोशिश में जुटे आला नेता

# बहुमत के बाद भी क्रॉस वोटिंग का डर, शिरडी-बस्तर के टूर पर निकले नवनिर्वाचित जिपं-जनपद के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव निपटने के बाद अविभाजित जिले की तीनों जिला पंचायत और 8 जनपद पंचायत में भले ही भाजपा को बहुमत का आंकड़ा मिल गया हो, लेकिन इसके बाद भी क्रॉस वोटिंग से बचने के लिए नवनिर्वाचित सदस्यों को टूर पर लेकर वरिष्ठ नेता निकल गए हैं। शिरडी, बस्तर जैसे टूरिस्ट स्पॉट की सैर कराने इन सदस्यों को ले जाया गया है। जबकि जिले में जनपद पंचायत का प्रथम सम्मेलन 7 मार्च और जिला पंचायत का प्रथम सम्मेलन 10 मार्च को कराया जाएगा।

ऐसे में इस तारीख तक अपने खेमे में सदस्यों को बनाए रखने की कवायद की जा रही है। हालांकि भाजपा को अधिकांश जनपद और जिला पंचायत में बहुमत से भी कई अधिक सीटें मिल गई है, लेकिन एक भी क्रॉस वोट की संभावना को खत्म करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो जिलों में जिला पंचायत सदस्यों को अब तक कहीं नहीं भेजा गया है, लेकिन जल्द ही इन दोनों ही जिलों के सदस्य भी किसी पर्यटन स्थल की सैर में निकल सकते हैं। वहीं कांग्रेस पूरी तरह से खामोश बनी हुई है। जिला पंचायत और जनपद पंचायत में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद सभी वरिष्ठ नेता समीक्षा में ही जुटे हुए हैं।



### जनपद में क्रॉस वोटिंग का डर

अविभाजित जिले की 9 जनपद पंचायत में से आठ में भाजपा के पास बहुमत है, लेकिन कुछ जनपद में क्रॉस वोटिंग का डर बना हुआ है। यही कारण है कि भाजपा सतर्क होकर सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को एकजुट रखने में जुट गई है। इसके साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतने वालों से भी संपर्क साधा जा रहा है।

### ऐसी है जिलों में स्थिति

राजनांदगांव जिला पंचायत की 13 सीटों में से भाजपा के खाते में दस सीटें आई है। जबकि तीन सीटें कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले नेताओं ने जीती है। ऐसे ही खैरागढ़ जिले की दस जिपं सीटों में से भाजपा को 6, कांग्रेस को एक और निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले तीन सीटें जीते हैं। मोहला-मानुपर जिले की दस जिपं सीटों में से भाजपा को 8 और कांग्रेस को दो सीटें मिली है।

### अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव 7-10 मार्च को

शासन की तरफ से जिला पंचायत और जनपद पंचायत के प्रथम सम्मेलन को लेकर गाईड लाइन जारी कर दी गई है। सभी जनपद पंचायत का प्रथम सम्मेलन 7 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इसी दिन अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद का चुनाव भी होगा। वहीं इसके बाद 10 मार्च को जिला पंचायत का प्रथम सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें पहले अध्यक्ष फिर उपाध्यक्ष का चयन होगा। निर्वाचित सदस्य शपथ लेने के बाद ही अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा ले सकेंगे।



# महादेव नगर

## प्लाट साइज 800 sq ft से 2000 sq ft

**4 एकड़ क्षेत्र के पूर्ण विकसित आवासीय प्लाट**

**दिनांक : 26 फरवरी से 10 मार्च 2025 तक**

**महाशिवरात्रि** के पावन अवसर पर तुरंत प्लाट **बुकिंग करनें पर**

# रजिस्ट्री फ्री

**LOOKING FOR DREAM PLOT ?**

**FINANCING AVAILABLE BY LEADING BANKS**
8827261634




## FEATURES

- RERA REGISTRED
- NAGAR NIGAM & TNCP APPROVED
- QUALITY WORK & PLANNING
- 40 Ft., 30 Ft. & 25 Ft. WIDE CC ROAD
- GARDENS
- WATER SUPPLY
- OVERHEAD ELECTRICITY SUPPLY
- DRAINAGE SYSTEM
- PROJECT WITH ALL BASIC AND LUXURY AMENITIES

RERA REGISTRATAION NO.
**PCGRERA050124001713**

| PREETAK BAJPAYEE | RAJESH JHA | AKASH JHA |
|---|---|---|
| 9826384529, 8319476100 | 8518028811 | 8319540419 |

**ADDRESS : BESIDE ON THE FARMERS KITCHEN, REWADIH BYPASS ROAD**
**RAJNANDGAON (C.G.) 491441**

## खबर संक्षेप

### मानस सम्मेलन आज

**चिचोला।** ग्राम लालुटोला में श्री शिव शंकर मानस परिवार एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में कल 26 फरवरी के महाशिवरात्रि के मौके पर मानस गायन सम्मेलन रखा गया है। कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा। इस मौके पर विभिन्न मानस मंडलियां अपनी प्रस्तुती देंगी। यह जानकारी समिति के संरक्षक केजराम यादव ने दिया।

### कचरा व झिल्ली पन्नी एसएलआरएम सेंटर भेजे

**राजनांदगांव।** साफ-सफाई में सुधार लाने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सफाई का हाल जानने शहर के सभी वार्डो का दौरा कर स्वास्थ्य अमला को दिशा-निर्देश दे रहे है। शुक्रवार सुबह उन्होंने कौरिनभाठा, सहदेव नगर एवं गुडाखू लाइन व सिनेमा लाईन में साफ-सफाई देख सफाई कर्मी से चर्चा कर नियमित रूप से कचरा उठाने झिल्ली पन्नी एसएलआरएम सेंटर भेजने के निर्देश दिए। कौरिनभाठा क्षेत्र में सफाई का जायजा लेकर सभी गलियों में सफाई करने कहा। नागरिकों से भी चर्चा कर उन्होंने अपने घर के आसपास साफ-सफाई रखने, गीला-सूखा अलग-अलग डिब्बे में रख स्वच्छता दीदीयों को समझाईश दी। सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर पानी की पर्याप्तता के साथ-साथ ठीक से सफाई करने संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने सहदेव नगर में साफ-सफाई देख नियमित रूप से झाड़ू लगाकर कचरा उठाने कहा तथा खाली भूमि में कचरा व झिल्ली पन्नी देख सफाई कर झिल्ली पन्नी एसएलआरएम सेन्टर में भेजने के निर्देश स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव को दिए। हाजिरी रजिस्टर की जांच कर कर्मचारियों की जानकारी ली।

## त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया पूरी

# अब गांवों को मिले नए मुखिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था अंतर्गत जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पदों के लिए हुए चुनाव के परिणामों की आधिकारिक घोषणा रिटर्निंग ऑफिसर पीएल नाग, सीईओ रोशनी भगत, नायब तहसीलदार झरना राजपूत, वसीम सिद्दीकी की उपस्थिति में की गई। सभी नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत आरगांव में लिकेश कुमार, आरी में सोनम निषाद, आसरा में शरद वैष्णव, बड़गांव चारभांठा ज्योति साहू, बड़भूम में बिसनबाई अलेन्द्र, बगदई कुलदीप सिंह, बम्हनीभांठा में सालिकराम लाउत्रे, बनभेड़ी नमिता साहू, बनहरदी पूजा साहू, बरगांव धनेश्वरी उईके, बरसनटोला विसाखा, बीजेभांठा बसंती कुलदीप, बोलेदा सीमा साहू, बुद्धुभरदा चांदनी साहू, च टोलागांव बैशाखीन दामले, छुईखदान घनश्याम साहू, दर्री सुद्दधोधन, सोनटेके, ढाबा भोजकुमार ठाकुर, दीवानभेड़ी सोनिया मंडावी, घोरदा सूर्यकांत साहू, गिरगांव तिलेश्वरी सिन्हा, हरदीटेकी दिलीप कुमार, जारवाही सुनिती मरार, जंगलपुर में भूपेन्द्र कुमार साहू सरपंच निर्वाचित हुए हैं।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत जंतर में रुपा चंद्रवंशी, कन्हारडबरी बनवाली वर्मा, केसला त्रिवेणी कमरिया, खमेरा इमलेश्वरी चन्द्रवंशी, खपरीकला माधुरी साहू, चिचदो गोविंदा साहू, खुर्सीपार कुंती बाई, किरगी डिकेश्वरी राणी, किरगी ब इंद्राणी साहू, कोहका कमलेश साहू, कोहका (मो) शरद वैष्णव कोकपुर अन्नपूर्णा सिन्हा, कोपेडीह वीरसिंह कंवर, कोटरासरार धनेश्वरी सिन्हा, कु भाढागांव रोहित साहू, मारगांव राधा बाई, मनेरी भीषण कुमार, मरेठा नवागांव रत्तीराम साहू, माथलडबरी मधु ओमेश यदु, मोखली सोहद्रा साहू, नादिया वंदिता मसिया, नाथुनवागांव भुवाल साहू, परना चरणदास भूआर्य, पेंडरवानी मेघा साहू, रामपुर यतिश सिन्हा, रातापायली उषा बाई साहू, रुदगांव भारती सोनकर, रुपाकाठी पुष्पलता साहू, सालिकझिटिया हेमबाई, संबलपुर उमाकांत चन्द्राकर, सांगिनकछार सुमरीत वर्मा, सिंगारपुर रेखा लाल सरपा सरपंच चुने गए हैं।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सोनेसरार में गिरधारी लाल साहू, टप्पा लोकेश्वरी सिन्हा, तेंदुनाला बसंत निषाद, तिलईरवार नंदिका कुंजाम, तुमड़ीबोड़ भुनेश्वरी साहू, विचारपुर नवागांव मिठुराम साहू और ग्राम पंचायत धौराभांढा में सरपंच के पद पर रानी निर्वाचित हुई है।

### परिणाम की हुई अधिकृत घोषणा, निर्वाचितों में हर्ष



#### जेठानी के बाद देवरानी

ब्लाक के प्रमुख गांव अर्जुनी में सरपंच पद के लिए छह उम्मीदवार मैदान में उतरे थे। सांसद प्रतिनिधि तामेश्वर साहू की पत्नी ललिता साहू यहां सरपंच निर्वाचित हुई हैं। श्रीमती साहू की भाभी हिमकल्याणी साहू भी पूर्व में यहां की सरपंच रह चुकी हैं।



#### पति को पत्नी सौंपेगी कमान

ब्लाक में दो ग्राम पंचायत ऐसी भी है जहां नवनिर्वाचित सरपंच अपनी पत्नी से कार्यभार ग्रहण करेंगे। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मोहड़ में भूषण देवांगन और खुज्जी में अजय पंसारी सरपंच निर्वाचित हुए हैं। उन्हें वर्तमान सरपंच और उनकी पत्नी आशा देवांगन और सोनाली पंसारी प्रभार सौंपेंगी।



#### दूसरी बार कसौटी में खरे उतरे

सत्ता विरोधी लहर के खतरे के बाद कई सरपंच लगातार दूसरी जीत कर पंचायत के मुखिया बने है। दूसरी बार जीतने वालों में ग्राम पंचायत ओडारबांध की सुनीता साहू, कोनारी की चिंतामणि सिन्हा, गुंगेरी नवागांव के भालेन्द्र नेताम, सुखरी के सुरेन्द्र गिर गोस्वामी, बांकल की चमेलीबाई पाल, अमलीडीह के रोशन साहू, दीवान झिटिया के राजूलाल यादव शामिल हैं। ब्लॉक में तीन पंचायतें ऐसी भी हैं जहां मतदाताओं को सरपंच चुनने के लिए मतदान नहीं करना पड़ा। ग्राम पंचायत मचानपार में मूलचंद पदम, भटगुना में उर्वशी ध्रुव और करमतरा में रेखा बघेल ने नामांकन दाखिल किया था। अन्य उम्मीदवारों के नहीं होने के कारण यहां निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति बनी।



#### वरिष्ठों को युवा ने हराया

**कल्याणपुर।** ग्राम पंचायत गाजमर्रा में सरपंच पद के लिए हुए चुनाव में तीन उम्मीदवार भाजपा की वर्षा गेडाम, कांग्रेस के एलियंस जॉन फिल्कस और लोचन वर्मा मैदान में थे। दोनों पूर्व सरपंच को हराकर युवा लोचन वर्मा ने 339 मत पाकर जीत हासिल किया है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी को 71 मतों से पराजित किया। नवनिर्वाचित सरपंच श्री वर्मा ने परिणाम आने के बाद गांव में विजय जुलूस निकालकर ग्रामीणों का आभार जताया। सरपंच एवं पंचों ने घर घर जाकर आशीर्वाद लिया। पंचों ने सरपंच को श्रीफल, साल, टॉवेल भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान श्री वर्मा का परिवार और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



#### भीषम हुए सरपंच निर्वाचित

**पटेवा।** ग्राम पंचायत मासुल में संपन्न हुए चुनाव में भीषम जांगड़े सरपंच निर्वाचित हुए है। ग्राम पंचायत मासुल एवं आश्रित ग्राम मानपुर के 1050 मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया था जिसमें भीषण जांगड़े ने 509 वोट प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी खिलेशवर राजपूत को 238 वोट से हराया। तीन बार के सरपंच रहे कमलेश वर्मा को 270 वोट प्राप्त हुए। श्री जांगड़े के निर्वाचित होने से उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने अतिशबाजी के साथ उनका जोरदार स्वागत किया।



# शहर के बाद गांवों में भी भाजपा की तूती

- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में रही कांग्रेस की हालत खस्ता

**डोंगरगढ़।** निकाय के बाद भाजपा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी कांग्रेस को करारी मात देकर अपना वर्चस्व कायम किया है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ क्षेत्र में जीत हासिल किया था। दोनो जगह विधायक होने के बाद कांग्रेस नगर पालिका, लाल बहादुर नगर पंचायत, जिला पंचायत और जनपद पंचायत के चुनाव में काफी पिछड़ गई। परिणाम से साफ है कि कांग्रेस के जनप्रतिनिधि जनता का विश्वास खो चुके हैं। विकास के नाम पर पिछले 5 साल में हुए भ्रष्टाचार को भी हार का कारण माना जा रहा है। वहीं अंदरूनी कलह एवं जनप्रतिनिधियों के बीच तालमेल की कमी का भी खामियाजा उठाना पड़ा है। प्रत्याशियों के चयन में मनमानी एवं वरिष्ठ नेताओं की अनदेखी ने कांग्रेस को गर्त में पहुंचा दिया है।

पंचायत चुनाव में लोगों ने भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों पर भरोसा जताया वहीं भाजपा के बागियों को जनता ने सिरे से खारिज कर दिया है। जिला पंचायत चुनाव में भाजपा की बागी रवि कविता अग्रवाल को प्रदेश के नेता का संरक्षण होने और लंबे समय से राजनीति में सक्रिय होने के बाद भी लोगों ने उनके नेतृत्व का स्वीकार नहीं किया और जिला पंचायत सदस्य के रूप में भाजपा की अधिकृत किरण साहू को चुना। इसी प्रकार जनपद का चुनाव लड़ रहे रवि अग्रवाल भी इस बार हार गए। डोंगरगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले 4 जिला पंचायत क्षेत्र में से 3 में भाजपा ने जीत दर्ज किया है। एक क्षेत्र में कांग्रेस के बागी ने जीत दर्ज कर क्षेत्र से कांग्रेस का सूपडा साफ कर दिया। वहीं 25 सदस्यों वाली जनपद पंचायत में भाजपा के 14 सदस्य जीते है। कांग्रेस ने 11 सीट में जीत हासिल कर पार्टी की लाज बचा लिया है। सरपंच एवं पंच के चुनाव में भी भाजपा से जुड़े प्रत्याशी बड़ी संख्या में जीते हैं।

#### बोरतलाव क्षेत्र में भाजपा की जीत

वनांचल के जिला पंचायत और जनपद के चुनाव में भाजपा ने जीत हासिल किया है। लंबे समय से पराजय का सामना कर रही भाजपा से जिला पंचायत की अधिकृत प्रत्याशी अनिता मंडावी के साथ तीन जनपद सदस्य किसान नेता गिरवर साहू के नेतृत्व में निर्वाचित हुए। बोरतलाव का प्रभार मिलने के बाद श्री साहू ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए सघन दौरा करते हुए केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का डोर टू डोर जाकर प्रचार किया और लोगों से समर्थन मांगा। सभी कार्यकर्ताओं के एकजुट होकर काम करने से भाजपा चुनाव में कामयाब हो सकी।



## वार्षिक उत्सव में मेधावी छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया




स्थानीय देवीप्रसाद चौबे महाविद्यालय में मंगलवार को वार्षिक उत्सव एवं पुरुस्कार वितरण का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत राज्यगीत गीत के सामूहिक गायन से हुई। मुख्य अतिथि पार्षद और जनभागीदारी विकास समिति के अध्यक्ष यतीश कुंजाम थे। इस दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष जीवनदास रात्रे, भाजपा नेता उदय देवांगन, अंजलि कुर्रे, श्यामपाल और पूर्व छात्र सूरज पांडे मौजूद थे।सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया।

छात्र संघ प्रभारी डॉ. वर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 921 छात्र-छात्राएं हैं, जिनमें 63 प्रतिशत छात्राएं और 37 फीसदी छात्र हैं। इस मौके पर यतीश कुंजाम, जीवनदास रात्रे ने संबोधित किया। प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे ने महाविद्यालय के 35 वर्ष पूरे होने पर सभी को धन्यवाद दिया और विकास पर सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया। उन्होंने महाविद्यालय में संसाधनों की कमी का जिक्र करते हुए ग्रंथालय में पुस्तकों की उपलब्धता, कैंटीन सुविधा, दो कमरों के निर्माण की आवश्यकता बताई। एमएससी आरंभ करने की मांग की। उनका कहना था कि कॉलेज का संचालन होते 36 साल हो गए है परंतु सविधाएँ कुछ भी नही है जिसके कारण स्थानीय छात्र छात्राएं शहरों की ओर रुख करते है। उन्होंने कहा कि सबको मिलकर कालेज में शहरों जैसी सुविधा मुहैया कराने का प्रयास करना होगा ताकि स्थानीय बच्चे शहरों की ओर रुख न करें। उन्होंने बताया कि आने वाले वर्ष में मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक दिया जाएगा। उन्होंने ने खेल मैदान सुरक्षित करने के लिए मेन गेट में पाइप लगाने की मांग की। इस दौरान मेधावी छात्र छात्राओ सहित क्रीड़ा के क्षेत्र में नाम रौशन करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड दिया गया। कार्यक्रम में क्रीड़ा अधिकारी अनिता पौशार्य की खूब सराहना किया गया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। संचालन प्रो गावस्कर कौशिक और शिल्पी देवांगन ने किया।

### नवदंपति ने कराया नेवता भोज



**जेवरतला रोड।** प्राथमिक शाला सिर्राभांठा में पदस्थ शिक्षक चिंताराम साहू ने अपने पुत्र के विवाह के उपलक्ष में न्योता भोज का आयोजन किया। नवदंपति ने बच्चों को खीर, पुरी, पकोड़े, पापड़ परोसा। नव जोड़ी को शिक्षकों, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने आशिर्वाद दिया।

### शिक्षक ने बच्चों को खिलाया भोजन



**छुईखदान।** पूर्व माध्यमिक शाला भदेरा के प्रभारी प्रधान पाठक लोचनराम जंघेल ने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। जन्मदिन के अवसर पर बच्चों के साथ केक काटा। शिक्षकों एवं बच्चों ने बधाई देते हुए उपहार भेंट किया। भोजनावकाश में बच्चों को हलुआ, पूड़ी, सलाद, केला,अंगूर आदि परोसा गया। इस मौके पर लोचन राम जंघेल, बाबूलाल सोरी, चिंताराम धुर्वे, संजीव कुमार धुर्वे, मनोज कुमार साहू, पालक तिजेन्द्र जंघेल, नरोत्तम कुमार, परेटन जंघेल, गुलाब दास, पेमीनबाई,मंगली बाई आदि उपस्थित थे।

# चोरड़ाधाम में मेला महोत्सव आज से शिवालय रहेगा भक्तों से गुलजार

हरिभूमि न्यूज ⏭सड़क अतरिया

प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल चोरड़ाधाम में कल बुधवार को महाशिवरात्रि के मौके पर तीन दिवसीय महाशिवरात्रि मेला का आयोजन किया गया है। यह मेला काफी प्राचीन है। महाशिवरात्रि मेला को धर्मस्व एवं पर्यटन विभाग, मंदिर समिति, प्रशासन एवं जनप्रतिधियों के सहयोग से महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। महोत्सव का शुभारंभ कल विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा के मुख्य आतिथ्य में होगा। अध्यक्षता पूर्व जमींदार लाल टारकेश्वर साह खुशरों करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में योगेन्द्र कुमार ठाकुर, नम्रता गिरिराज किशोर दास वैष्णव, गिरवर जंघेल, रोहित सिंह पुलस्त्य, निर्मला विजय वर्मा, मोतीलाल जंघेल, गजेन्द्र ठाकरे, नीना विनोद ताम्रकार, ममता राजेश पाल, रामकुमार पटेल, भिगेश यादव, कविता अशोक जंघेल, दिलीप ओगरे सहित अन्य शामिल होंगे। महाशिवरात्रि के मौके पर दूर दराज के शिव भक्त जल कुंड में स्नान कर डोगेश्वर महादेव के दर्शन करेंगे। पहले दिन हजारों भक्त शिवलिंग पर जल अभिषेक कर दूध, फल, फूल, धतुरा, बेल पत्र आदि अर्पण कर पूजा अर्चना कर अपनी आस्था प्रकट करेंगें। हर बार की तरह क्षेत्र के कुछ शिव भक्तों ने पैदल यात्रा कर जल अभिषेक करने की तैयारी किया है।

#### शिवालय रहेगा गुलजार

चोरड़ाधाम के अलावा नर्मदा के लोधेश्वर मंदिर में भी महाशिवरात्रि मनाने की तैयारी किया गया है। यहां सुबह 9 बजे महाअभिषेक, पूजा अर्चना एवं अनुष्ठान होगा। दोपहर को भीमपुरी मानस मंडली का रामायण पाठ रखा गया है। घिरघोली के सिद्ध बाबा मंदिर में सुबह पूजा अर्चना का आयोजन किया जाएगा। सड़क अतरिया के शिव मंदिर सहित अन्य कल शिव आराधकों से गुलजार रहेंगे। सभी जगह अनुष्ठान के साथ धार्मिक आयोजन रखे गए हैं।

#### मेला में रहेगी रौनक

समिति द्वारा मेला में सजने वाले पूजा सामग्री, जलपान, खिलौने, झूला, कपड़ा आदि दूकान को व्यवस्थित तरीके से लगाने निर्देशित किया है ताकि मेला में उमड़ने वाली भीड़ को व्यवस्थित किया जा सके। सुरक्षा के लिए पुलिस के जवानों की तैनाती रहेगी। महोत्सव के पहले दिन मया के डोरी काचरी के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।



#### आज निकलेगी शिव की भव्य बारात

**डोंगरगढ़।** महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर श्री महाकाल भक्त समिति के नेतृत्व में भव्य बारात और शोभायात्रा कल 26 फरवरी को अपरान्ह 3 बजे निकाला जाएगा। शोभायात्रा बस स्टैंड, सब्जी मंडी, हनुमान चौक, जयस्तंभ चौक, खंडुपारा, रेल्वे चौक, बुधवारीपारा, गोल बाजार, भगत सिंग चौक होते हुए तारण पिपलेश्वर महादेव मंदिर में जाकर समाप्त होगी। इस यात्रा में मनमोहक झांकी, भुतो की टोली शामिल होगी। छत्तीसगढ़ के लोक गायक खिलेष यादव अपनी प्रस्तुति देंगे।

#### रौशन हुए शिवालय

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में महाशिवरात्रि के मौके पर अनेक स्थानों पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। शिव मंदिरो को आकर्षक लाइटों से सजाया गया है। शिव मंदिरों में पूजा, हवन का कार्यक्रम रखा गया है। रावण भाठा में नंदी शिवलिंग मंदिर के पास भोलेनाथ एवं पार्वती माता की अघोरियों के साथ बारात निकलेगी। ढीमर समाज द्वारा स्थापित शिव मंदिर में रामायण पाठ होगा।



#### हवन पूजन का होगा आयोजन

**छुरिया।** नगर सहित आसपास क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व विधि विधान से पूजन अर्चना कर मनाया जाएगा। नगर में युवा समिति द्वारा कृष्ण मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। रुद्राभिषेक, हवन पूजन, महाआरती के पश्चात भव्य शोभायात्रा निकलेगी। नगर के शिवालय में सुबह से भक्तों तांता रहेगा। महाशिवरात्रि के मौके पर नगर में कई जगह भंडार का आयोजन किया गया है। कुछ गांव में मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।



#### महाशिवरात्रि महोत्सव शुरू

**डोंगरगढ़।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ प्रसिद्ध भजन गायक विवेक शर्मा की प्रस्तुति से हुआ। इस अवसर पर भजन गायक विवेक शर्मा ने भजनों के साथ जस गीत प्रस्तुत किया। महोत्सव का उद्घाटन श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, संजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश मिश्रा, मंत्री महेंद्र सिंह परिहार, संयुक्त मंत्री बबलू शांडिल्य, पूर्व अध्यक्ष पीतांबर स्वामी, ट्रस्टी प्रकाश बिंदल, संजीव गोमस्ता अजय ठाकुर आदि ने किया। कार्यक्रम का आनंद लेने हजारों लोग उपस्थित थे।



### कांग्रेस मजबूत है, भाजपाई अपना घर संभाले

**डोंगरगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुलाब वर्मा एवं पीसीसी के सदस्य मोहन अय्यर ने भाजपा नेता दिनेश गांधी को जनता के जनादेश के सम्मान करने की नसीहत देते हुए कहा कि वह दूसरे के घर में तांक झांक करने के बजाए अपनी राजनीतिक जमीन देखे। उन्होंने विज्ञप्ति में कहा कि नगर पंचायत में 15 साल तक कांग्रेस का अध्यक्ष रहा है। हाल में हुए चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पदेवी यदु और पिंकी लोढ़ा को मिले मतों का योग करे तो भाजपा को उनसे आधे मत मिले हैं। नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव और विभा साहू कांग्रेस के पदाधिकारी है और उन्होंने अपने प्रचार में विधायक दलेश्वर साहू की तस्वीर का उपयोग किया। उन्होंने कहा कि बीते 15 साल से लगातार जीत दर्ज कर रहे विधायक दलेश्वर साहू को जनादेश का याद दिलाने के बजाए यह देखना चाहिए कि वह स्वयं गृह क्षेत्र से चुनाव हार चुके हैं।



पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### नवागांव में विशाल भंडारा

**राजनांदगांव।** महाशिवरात्रि पर्व पर बजरंगपुर नवागांव में महाकाल शिवरात्रि पर्व समिति एवं वार्डवासियों द्वारा अमृत गार्डन के पास विशाल भंडारा आयोजित किया गया है। समिति के चंदन मानिकपुरी ने भक्तों से भंडारा में उपस्थिति होकर भोलेनाथ का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। उक्त जानकारी योगेश साहू ने दी।

### पलाश फूलों से महिलाएं खेलेंगी होली

**राजनांदगांव।** मां बम्लेश्वरी स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हरियाली बहिनी पलाश के फूलों से होली खेलंगी। अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन ने बताया कि गांव-गांव में बैठक लेकर पलाश के फूलों को एकत्रित करने प्रेरित की जा रही है। विगत दिनों छुरिया विकासखंड के ग्राम चिखलाकसा में फूलों को एकत्रित करने की शुरूआत की गई है। लगभग 100 गांव में चलने वाली अभियान में 5 हजार के आसपास महिलाएं फूलों का रंग-गुलाल से होली खेलेंगी। साथ ही बिक्री करने बाजार में उतरेंगे। फूलों के रंग-गुलाल बनाने 2 मार्च को प्रशिक्षण की तिथि तय की गई है, ताकि 14 मार्च को होने वाली होली में अधिक से अधिक व्यवसाय करने का समय मिल सकें।



### बंपर जीत का श्रेय भाजपा के हर कार्यकर्ता को

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष (आर्थिक प्रकोष्ठ ) एवं शक्ति केंद्र प्रभारी योगेश बागड़ी ने नगर निगम राजनांदगांव एवं ग्राम पंचायत स्तर तक के सभी चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक एवं प्रचंड जीत पर अपनी प्रतिक्रिया देते बताया है कि ऐसी बंपर जीत का श्रेय भाजपा के हर कार्यकर्ता को है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की कुशल रणनीति एवं उनके एकजुट प्रयास ने कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने का काम किया है। जिला संगठन के अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं उनके अन्य पदाधिकारी, सदस्यों की कुशल रणनीति परिणामों में साफ देखी जा सकती है। नगर निगम राजनांदगांव में विधायक रमन सिंह के प्रति लोगों के लगाव, साथ में मधुसूदन यादव का नाम और व्यक्तितव एवं अभिषेक सिंह, संतोष अग्रवाल का कुशल चुनाव संचालन ही है, जो इतनी बड़ी जीत और इतनी संख्या में पार्षद जीत कर आए हैं। शक्ति केंद्र 3 के दोनों ही वार्डों में वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख एवं संतोष अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अथक मेहनत कर दोनों ही वार्डों में कांग्रेस को 3रे नंबर पर ढकेल दिया है। योगेश बागड़ी ने वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को इस एतिहासिक सफलता पर बधाई प्रेषित की।



### सूने घर का ताला तोड़कर चोरी

**राजनांदगांव।** सूने घर का ताला तोड़कर चोर भीतर प्रवेश किए और घर में रखे नगदी सहित सोने-चांदी का सामान पार कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत विगत रात केशर नगर इलाके में स्थित एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर घर के भीतर प्रवेश किए और घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण सहित नगदी रकम चोरी कर ली। चोरी की इस घटना से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### प्रथम चरण में 50 एमसीएफटी छोड़ा गया पानी

# मटियामोती से शिवनाथ नदी में तीन दिन में पहुंचेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिवनाथ नदी मोहारा एनीकट का जल स्तर कम होने के कारण रॉ-वाटर प्रदाय के लिए कलेक्टर एवं प्रशासक संजय अग्रवाल के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग बालोद को मटियामोती जलाशय से नगर निगम राजनांदगांव के लिए आरक्षित पानी में से पानी छोड़ने पत्र लिखा गया था।

जिसके परिपालन में मंगलवार को जल विभाग के अधिकारी पानी छोड़ाने मटियामोती जलाशय पहुंचे और बालोद जिले के जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता एके बघेल, उप अभियंता स्वाति देवांगन एवं नगर निगम राजनांदगांव के जल विभाग के तकनीकी अधिकारी व स्टॉफ की उपस्थिति में मटियामोती जलाशय से प्रथम चरण में 50 एमसीएफटी पानी को छोड़ने की कार्रवाई की गई। उक्त पानी लगभग 3 दिनों में 40 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद मोहारा स्थित शिवनाथ एनीकट पहुंचेगा।



उल्लेखनीय है कि मटियामोती जलाशय के लगभग 600 एमसीएफटी पानी में से 350 एमसीएफटी पानी ग्रीष्म ऋतु के लिए नगर निगम राजनांदगांव को पेयजल आपूर्ति के लिए सुरक्षित रखा गया है। जिसमें से 50 एमसीएफटी पानी पहले चरण में लिया गया है। जिसके अंतर्गत मंगलवार को 150 क्यूसेक (घनफीट प्रति सेकंड) की दर से मटियामोती से पानी छोड़ा गया। पानी पहुंचते तक निगम प्रशासन के जल विभाग के अमले द्वारा पानी की सुरक्षा के लिए रूट मार्ग पर मानिटरिंग की जाएगी। इस अवसर पर उप अभियंता अनुप पाण्डे व युवराज कोमरे, जल प्रभारी लिपिक तुषार शुक्ला सहित मटियामोती जलाशय एवं जल विभाग का अमला उपस्थित था।

# बीच सड़क जुर्माने और अवैध शराब के कारोबार से जनता त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार ने शहर में कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि शहर में स्थिति चिंताजनक है। पुलिस प्रशासन सिर्फ अपने राजस्व लक्ष्य और अनैतिक गतिविधियों के संरक्षण तक सिमट गई है। नतीजन आम लोगों के लिए दिक्कतें बढ़ रही हैं। यह ऐसा दौर है, सुरक्षा और व्यवस्था के लिए कोई जिम्मेदार सामने नहीं आ रहा। जबकि नियमों की आड़ में जमकर वसूली हो रही है। उन्होंने कहा कि बीच सड़क जुर्माने और अवैध शराब के कारोबार से जनता त्रस्त है।



मुदलियार ने कहा कि शहर और आसपास के इलाकों में वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल, कॉलेज और ऐसे ही सार्वजनिक स्थानों के आसपास खड़े रहने वाला यातायात बल वाहन चालकों पर मनमाने तरीके से जुर्माने की कार्रवाई कर रहा है। दूर-दराज से आने वाले मरीजों के परिजनों सहित महाविद्यालयों के छात्र और प्रशासनिक कामकाज के लिए आने वाले लोगों के लिए इससे खासी दिक्कतें पैदा हो रही है।

#### किया जाएगा आंदोलन

मुदलियार ने कहा कि भाजपा के राज में अवैध और अनैतिक गतिविधियों को संरक्षण मिल रहा है। ऐसे लोग न केवल कानून को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि मर्यादाएं लांघने से भी पीछे नहीं हट रहे हैं। सरेआम भाजपा नेताओं की गाड़ियों से शराब की बड़ी खेप बरामद हो रही है। ऐसे मामलों में पुलिस हाथ बांधे खड़ी है। जबकि दुकानों से दो-चार पौवा शराब लेने वालों को डरा-धमकाकर उनके खिलाफ केस बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस प्रशासन का यही रवैया रहा तो जल्द ही इसके खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### फाइनल मैच एवं पुरस्कार वितरण आज

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही अस्मिता हॉकी लीग सब जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच व समापन समारोह कल 26 फरवरी को अपरान्ह 4 बजे मधुसूदन यादव महापौर नगर पालिका निगम राजनांदगांव, कोमल सिंह राजपूत जिला अध्यक्ष भाजपा, रमेश पटेल पूर्व अध्यक्ष राजगामी संपदा न्सास,श अर्पिता मोहन सिन्हा क्षेत्रीय पार्षद, ओलंपियन रेणुका राजपूत, मृणाल चौबे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी की उपस्थिति में संपन्न होगा।

एजेंसी / सब एजेंसी देना है
हरिभूमि समाचार पत्र को राजनांदगांव जिला अंतर्गत ग्रामीण सेंटर कोलिहापुरी, मेढ़ा, खपरी, जोगीदल्ली, बढ़ईटोला में एजेंसी/सब एजेंसी देना है। इच्छुक व्यक्ति तत्काल संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, राजनांदगांव
दुर्गा चौक राजनांदगांव
मो. 8319268069, 9406011476











हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 26 फरवरी 2025





## निकाली बाबा महाकाल की शोभायात्रा, भूत-प्रेत, नंदी और अघोरी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी 6 वर्ष की परंपरा के अनुरूप संस्कारधानी महाकाल मित्र मंडल द्वारा महाशिवरात्रि से एक दिन पूर्व शहर में भव्य बाबा महाकाल की शोभायात्रा निकाली गई। उज्जैन की तर्ज पर आयोजित इस शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वही शोभायात्रा के दौरान धार्मिक, सामाजिक संस्कृति की झलक दिखाई दी। शोभायात्रा में कलाकार भगवान भोलेनाथ के विभिन्न वेशभूषा में शामिल हुए।

शहर के गुरुद्वारा चौक से भव्य महाकाल यात्रा महाकाल मित्र मंडल द्वारा निकाली गई। इस यात्रा की शुरूआत बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना के साथ की गई। महाकाल की इस शोभायात्रा में विभिन्न वाद्य यंत्रों के साथ कलाकारों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति दी। वहीं यात्रा में छत्तीसगढ़ी आदिवासी संस्कृति की झलक भी दिखाई दी। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन की तर्ज पर निकाली गई शोभायात्रा में बाबा महाकाल की झांकी बनाई गई।



### बाबा की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

महाकाल की शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ भूत, प्रेत, नंदी भी शामिल हुए। महाशिवरात्रि से पूर्व निकली शोभायात्रा के दौरान शहर में भगवान शिव के भजन, शिव तांडव और भोलेनाथ के जयकारे शहर गुंजायमान होता रहा।

### उज्जैन की तर्ज पर यात्रा

महाशिवरात्रि से एक दिन पूर्व निकाली गई शोभायात्रा को लेकर बाबा महाकाल के भक्त एवं आयोजन समिति के संस्थापक निखिल द्विवेदी ने बताया कि प्रतिवर्ष बाबा महाकाल की भव्य शोभायात्रा शहर में निकाली जाती है। जिसमें विभिन्न वाद्य यंत्रों के साथ कलाकार अपनी आकर्षक प्रस्तुति देते हैं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा उज्जैन की तर्ज पर आयोजित की जाती है। उज्जैन नहीं जा पाने वाले श्रद्धालुओं को यहां इस यात्रा में शामिल होने का सौभाग्य मिलता है।



### महाकाल सेना निकालेगी शोभायात्रा

महाकाल मित्र मंडल द्वारा आयोजित शोभायात्रा के दूसरे दिन महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर के नंदई कुंआ चौक से महाकाल सेना द्वारा दोपहर 03 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### कलाकार बने अघोरी

शोभायात्रा के दौरान कलाकारों ने भगवान शंकर की विभिन्न वेशभूषा में अपनी कला की प्रस्तुति दी। वहीं इस दौरान कलाकार अघोरियों का रूप धारण कर शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा शहर के गुरुद्वारा चौक से निकालकर महाकाल चौक होते हुए दुर्गा चौक, सदर बाजार, कामठी लाइन से सिनेमा लाइन होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान जयस्तंभ चौक में अघोरी बने कलाकारों का स्टेज प्रोग्राम भी आयोजित किया गया।

### आज से छुईखदान में होगी आरक्षक भर्ती, केसीजी जिला एसपी को जिम्मा

## जिस कंपनी की गलती से रद्द हुई भर्ती, फिर उसी को जिम्मा, 20 हजार को दोबारा देना होगा टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव, खैरागढ़, कवर्धा और मोहला-मानपुर जिले के लिए आरक्षक भर्ती की प्रक्रिया आज से दोबारा शुरू होने जा रही है। नवंबर-दिसंबर महीने में हुई प्रक्रिया को पूरी तरह से रद्द कर दिया गया। करीबन 20 हजार ऐसे अभ्यर्थी हैं, जिन्होंने दो महीने पहले भी अपना फिजिकल टेस्ट दे दिया था। जिसके चलते अब दोबारा अभ्यर्थियों को अपना फिजिकल टेस्ट देना होगा।

वहीं बड़ी बात यह है कि जिस हैदराबाद की कंपनी की लापरवाही के चलते पूरी भर्ती प्रक्रिया सवालों के घेरे में आई थी। उसी कंपनी के जरिये ही फिर से भर्ती प्रकिया कराई जा रही है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि इस बार किसी भी प्रकार की गलतियां नहीं होगी, इसकी जवाबदारी कौन लेगा। जबकि इससे पहले भी तीन हजार से अधिक एंट्री गलत पाए जाने के बावजूद प्रदेश सरकार ने कंपनी के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया, बल्कि रोजी में काम करने वाले ऑपरेटरों के खिलाफ एफआईआर कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 26 फरवरी से यह प्रक्रिया केसीजी जिले के छुईखदान ब्लॉक में शुरू की जाएगी।

भर्ती प्रक्रिया केकती बाड़ी मैदान आत्मानंद स्कूल छुईखदान के सामने कराई जाएगी। भर्ती को लेकर सभी अभ्यर्थियों को तिथि का एलॉटमेंट भी कर दिया गया है। भर्ती प्रक्रिया का जिम्मा केसीजी जिला एसपी को दिया गया है।

### रोजाना डेढ़ से दो हजार अभ्यर्थी होंगे भर्ती प्रक्रिया में शामिल



### 66 हजार अभ्यर्थी होंगे भर्ती में शामिल

मिली जानकारी के अनुसार इस आरक्षक भर्ती में करीबन 66 हजार अभ्यर्थी शामिल होने वाले हैं। जबकि इससे पहले पिछले साल नवंबर-दिसंबर महीने में इन 66 हजार में से ही करीबन 20 हजार ने अपना शरीरिक दक्षता टेस्ट दे दिया था। ऐसे में इन अभ्यर्थियों को भी कंपनी और पुलिस महकमे की गलती के चलते दोबारा टेस्ट देना होगा। भर्ती प्रक्रिया के लिए पुलिस महकमे के दो सौ कर्मचारियों की तैनाती भी की गई है।

### एफआईआर के बाद गिरफ्तारी

आरक्षक भर्ती संवर्ग में मशीन में छेड़खानी कर अंक में लाभ दिलाने के मामले में अपराध क्रमांक 568/24 धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान विवेचना के सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल चैटिंग मैसेज एवं गवाहों के बयान के अलावा अन्य साक्ष्य सबूत जमा किया गया। इसके साथ ही भर्ती के दौरान की डिजिटल साक्ष्य और संदेहियों से पूछताछ के आधार पर आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर दर्जनभर को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### भर्ती में गड़बड़ी, दर्जनभर गिरफ्तार

पुलिस आरक्षक भर्ती मामले में पुलिस महकमे ने अब तक कुल 11 लोगों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई कर ली है। इस मामले में महिला आरक्षक पुष्पा चंद्रवंशी, आरक्षक धर्मराज मरकाम, आरक्षक विकास सिंह राजपूत, आरक्षक कार्तिक देशलहरे, आरक्षक सुंदरलाल नेताम, नुतेश्वरी ध्रुर्वे, आरक्षक पवन साहू, आरक्षक योगेश ध्रुर्वे और परिधी निषाद के खिलाफ एक्शन लेने के बाद अब मंगलवार को महिला अभ्यर्थी नेहा चंद्रवंशी और मीना पात्रे को गिरफ्तार किया गया है।

### महाशिवरात्रि पर होगी विधि-विधान से पूजा-अर्चना

## घर-मंदिरों में गूंजेगा ओम नमः शिवाय

राजनांदगांव। देवो के देव महादेव की कल बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके लिए भक्तों ने घर-घर एवं मंदिरों में व्यापक तैयारियां की है। इस मौके पर कल शहर में भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि कल 26 फरवरी को अंचल में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धाभक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियों में आज दिनभर भक्त जुटे रहे।

### मंदिरों में उमड़ेगी भक्तों की भीड़

शहर के प्रमुख मंदिरों में मां शीतला मंदिर, शिव मंदिर गांधी चौक, बांसपाईपारा शिव मंदिर, सिंघोला महाकाल मंदिर, मां पाताल भैरवी मंदिर, शंकरपुर शिव मंदिर, भरकापारा तालाब किनारे शिव मंदिर, रानीसागर स्थित शिव मंदिर, मोहारा शिव मंदिर, सिंघोला भानेश्वरी मंदिर, भानपुरी मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, बालाजी मंदिर, लालबाग दुर्गा मंदिर, मोतीनाथ मंदिर सहित अंचल के अन्य मंदिरों में विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की व्यापक तैयारियां की गई है। वहीं घर-घर में भी पूजा-अर्चना की तैयारी है। सुबह से मंदिरों में भक्तों की उपस्थिति बनी रहेगी।

### पूजा सामग्रियों की मांग

इधर महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए शहर के बाजार में पूजा सामग्रियों की दुकान में सुबह से लेकर देर रात तक लोग पूजा सामग्री खरीदी करने के लिए जुटे रहे। जयस्तंभ चौक में सजे पूजा सामग्रियों की दुकानों में लोगों ने पूजा के लिए सामग्रियां खरीदी करने देर शाम तक पहुंचते रहे। यहां भीड़ की स्थिति के चलते यातायात का दबाव बना रहा। पर्व के लिए मंदिरों के आसपास भी पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है। यहां भी कल जमकर पूजा सामग्रियों की मांग भक्तों के बीच बने रहने की संभावना है।

### शहर में आज भी शोभायात्रा

महाकाल सेना द्वारा कल 26 फरवरी को पर्व के उपलक्ष्य में महाकाल सवारी यात्रा दोपहर 3 बजे कुंआ चौक नंदई से निकाली जाएगी, जो नंदई, सदर बाजार, भारत माता चौक, गंज लाइन, कालीमाई मंदिर, रामाधीन मार्ग, कामठी लाईन, भारतमाता चौक, आजाद चौक, महाकाल चौक, दुर्गा चौक, बांसपाईपारा, इंदिरा नगर से नंदई की ओर जाएगी। नंदई में यात्रा का विश्राम होगा। कालीमाई मंदिर में शिव शक्ति मिलन का आयोजन रहेगा। सत्यनारायण मंदिर में हरिहर मिलन का आयोजन होगा। रात्रि में सिंगदई एवं हल्दी में महाकाल की यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान महाकाल की झांकी के अलावा पालकी बाजे-गाजे एवं झांझ-मंजीरा लोक कलाकारों की प्रस्तुति भी की जाएगी। महाकाल शोभायात्रा को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है।

## जेल में बना कुंड, बंदियों ने लगाई आस्था की डुबकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ जेल में की गई कुंभ स्नान की व्यवस्था, बंदियों में खासा उत्साह

जिला जेल में आज सुबह का नजारा कुंभ मेले के जैसा नजर आया। यहां बंदियों ने सुबह 8 बजे कुंभ स्नान करते आस्था की डुबकी लगाई। जेल प्रशासन द्वारा प्रयागराज नहीं जा पाने वाले बंदियों की आस्था को देखते हुए जेल में ही कुंभ स्नान करने व्यवस्था की गई थी। इस कुंभ स्नान के लिए बंदियों में भी खासा उत्साह नजर आया।

प्रयागराज में लगे कुंभ मेले में करोड़ों लोगों ने पहुंचकर गंगा स्नान करते आस्था की डुबकी लगाई है। वहीं जेल में बंद होने की वजह से बंदी कुंभ मेले तक नहीं पहुंच पाए। ऐसे में उन्हें इस अवसर के छूटने का मलाल हो रहा था, जिसे देखते हुए जेल प्रशासन द्वारा बंदियों की आस्था को ध्यान में रखकर जेल परिसर के भीतर ही कुंभ स्नान की व्यवस्था बनाई गई। कुंभ स्नान के लिए जेल के भीतर बने स्नानगार पानी टंकी पर प्रयागराज से लाए गए गंगाजल डाला गया। वहीं विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते पानी टंकी पर पुष्प अर्पण किया गया।




### चार सौ बंदी हुए शामिल

जिला जेल में 358 बंदियों ने कुंभ स्नान के इस आयोजन में शामिल होकर पूजा-अर्चना करते हुए आस्था की डुबकी लगाई और प्रयागराज की तरह ही जेल के भीतर बने इस कुंभ का आनंद लिया। जेल के भीतर कुंभ स्नान करने को लेकर बंदियों में खासा उत्साह रहा। सुबह से ही बंदी कुंभ स्नान के लिए तैयार हो गए। सभी ने मां गंगा से प्रार्थना की और जेल के भीतर ही स्नान कर प्रयागराज में स्नान की अनुभूति की।

### जेल प्रशासन द्वारा व्यवस्था

जिला जेल अधीक्षक अक्षय सिंह राजपूत ने बताया कि शासन के निर्देश पर जेल के भीतर कुंभ स्नान किए जाने की व्यवस्था की गई। उन्होंने कहा कि जेल हेड क्वार्टर द्वारा प्रयागराज से जल की व्यवस्था की गई थी। यहां जल पहुंचने पर बंदियों को कुंभ स्नान कराया गया।

## बोर्ड परीक्षा के लिए गोपनीय सामग्री का हुआ वितरण, सुरक्षा के बीच प्रश्न पत्र थानों में जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित की जाने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए आज शहर के स्टेट हाईस्कूल से गोपनीय सामग्री परीक्षा केन्द्रों के निकटतम थानों के लिए रवाना की गई।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि हायर सेकंडरी स्कूल परीक्षा 1 मार्च से 28 मार्च एवं हाईस्कूल परीक्षा 3 मार्च से 24 मार्च तक आयोजित की जा रही है। परीक्षा सुबह 09 बजे से दोपहर 12.30 के मध्य आयोजित होगी। उक्त परीक्षा के लिए जिले में 88 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिसके लिए गोपनीय सामग्री वितरित की गई है।



### उड़नदस्ता दल का गठन

जिले में परीक्षा के दौरान नकल रोकने निगरानी करने हेतु 7 उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। जिसमें जिला स्तर पर 3 उड़नदस्ता दल रहेगा। जिसमें शिक्षा विभाग की दो टीम और जिला प्रशासन की एक टीम शामिल है। वहीं जिले के 4 विकसखंड में एक-एक टीम बनाई गई है।

### 22 हजार परीक्षार्थी

1 मार्च से प्रारंभ हो रही परीक्षा में लगभग 22 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिसमें कक्षा 10वीं में लगभग 13 हजार और 12वीं में लगभग 9 हजार 3 सौ परीक्षार्थी शामिल हैं।

### थानों से परीक्षा केन्द्र पहुंचेगा प्रश्न पत्र

प्रश्न पत्र स्टेट स्कूल से केन्द्राध्यक्षों को वितरित किया गया और प्रश्न पत्रों को सील्ड पैकेट परीक्षा केन्द्रों के निकटतम पुलिस थानों-चौकी की अभिरक्षा में रखा गया है। परीक्षा तिथि को प्रश्न पत्र आधे घंटे से पहले ही थानों से परीक्षा केन्द्रों में पहुंचाया जाएगा।

## भाजपा नेता की कार में मिली अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पंचायत चुनाव के दौरान एक भाजपा नेता की कार में अवैध शराब मिलने के बाद भी पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने का मामला तूल पकड़ लिया है। भाजपा नेता द्वारा मौके पर पुलिस कर्मियों को धमकी दिए जाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस ने इस मामले में जांच के आदेश जारी कर दिए हैं।

सूत्रों ने बताया कि पंचायत चुनाव में बांटने के लिए भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद दीपक चौहान अपनी कार में अवैध शराब ले जा रहे थे। सुकुलदैहान पुलिस ने धनगांव के समीप जब कार को रोककर तलाशी ली तो बोरियों में डंप अवैध शराब मिली। ज्ञात हो कि पूर्व में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान आबकारी विभाग ने डोंगरगढ़ भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री के पास से मध्यप्रदेश निर्मित बड़ी मात्रा में शराब जब्त की थी।

### जांच के आदेश

पुलिस ने अवैध शराब पर जैसे ही कार्रवाई करना शुरू किया, दीपक ने मौके पर खड़े जवानों को धमकी दी। नेताओं के दबाव के चलते पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस मामले का वीडियो मंगलवार को दिनभर सोशल मीडिया में वायरल होता रहा। मामले को तूल पकड़ता देख पुलिस ने जांच के आदेश जारी किए हैं। सुकुलदैहान चौकी प्रभारी मनीष ध्रुर्वे का कहना है कि कार में अवैध शराब मिली थी। इधर एएसपी राहुल देव शर्मा ने कहा कि मामले में जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### दोनों दलों की नजर निर्दलियों पर, संपर्क साधने की कोशिश में जुटे आला नेता

## बहुमत के बाद भी क्रॉस वोटिंग का डर, शिरडी-बस्तर के टूर पर निकले नवनिर्वाचित जिपं-जनपद के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव निपटने के बाद अविभाजित जिले की तीनों जिला पंचायत और 8 जनपद पंचायत में भले ही भाजपा को बहुमत का आंकड़ा मिल गया हो, लेकिन इसके बाद भी क्रॉस वोटिंग से बचने के लिए नवनिर्वाचित सदस्यों को टूर पर लेकर वरिष्ठ नेता निकल गए हैं। शिरडी, बस्तर जैसे टूरिस्ट स्पॉट की सैर कराने इन सदस्यों को ले जाया गया है। जबकि जिले में जनपद पंचायत का प्रथम सम्मेलन 7 मार्च और जिला पंचायत का प्रथम सम्मेलन 10 मार्च को कराया जाएगा।

ऐसे में इस तारीख तक अपने खेमे में सदस्यों को बनाए रखने की कवायद की जा रही है। हालांकि भाजपा को अधिकांश जनपद और जिला पंचायत में बहुमत से भी कई अधिक सीटें मिल गई है, लेकिन एक भी क्रॉस वोट की संभावना को खत्म करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो जिलों में जिला पंचायत सदस्यों को अब तक कहीं नहीं भेजा गया है, लेकिन जल्द ही इन दोनों ही जिलों के सदस्य भी किसी पर्यटन स्थल की सैर में निकल सकते हैं। वहीं कांग्रेस पूरी तरह से खामोश बनी हुई है। जिला पंचायत और जनपद पंचायत में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद सभी वरिष्ठ नेता समीक्षा में ही जुटे हुए हैं।



### जनपद में क्रॉस वोटिंग का डर

अविभाजित जिले की 9 जनपद पंचायत में से आठ में भाजपा के पास बहुमत है, लेकिन कुछ जनपद में क्रॉस वोटिंग का डर बना हुआ है। यही कारण है कि भाजपा सतर्क होकर सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को एकजुट रखने में जुट गई है। इसके साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतने वालों से भी संपर्क साधा जा रहा है।

### ऐसी है जिलों में स्थिति

राजनांदगांव जिला पंचायत की 13 सीटों में से भाजपा के खाते में दस सीटें आई है। जबकि तीन सीटें कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले नेताओं ने जीती है। ऐसे ही खैरागढ़ जिले की दस जिपं सीटों में से भाजपा को 6, कांग्रेस को एक और निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले तीन सीटें जीते हैं। मोहला-मानुपर जिले की दस जिपं सीटों में से भाजपा को 8 और कांग्रेस को दो सीटें मिली है।

### अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव 7-10 मार्च को

शासन की तरफ से जिला पंचायत और जनपद पंचायत के प्रथम सम्मेलन को लेकर गाईड लाइन जारी कर दी गई है। सभी जनपद पंचायत का प्रथम सम्मेलन 7 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इसी दिन अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद का चुनाव भी होगा। वहीं इसके बाद 10 मार्च को जिला पंचायत का प्रथम सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें पहले अध्यक्ष फिर उपाध्यक्ष का चयन होगा। निर्वाचित सदस्य शपथ लेने के बाद ही अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा ले सकेंगे।

## बैठक: कलेक्टर ने लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए

# कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में विकास कार्यों समीक्षा की, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मंगलवार को समय-सीमा बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों तथा अधोसंरचना निर्माण की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य समाप्त हो चुके हैं, इसलिए अब सभी अधिकारी पूरी ऊर्जा के साथ अपने नियमित कार्यों में जुटें और लंबित आवेदनों एवं कार्यों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करते हुए पूरा करें। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि प्रारंभ हो चुके कार्यों में गति लाई जाए और जो कार्य अभी तक आरंभ नहीं हुए हैं, उन्हें तुरंत प्रारंभ किया जाए।

कलेक्टर ने प्रभारी मंत्री, विधायक निधि, सांसद निधि एवं अनुसंशा से स्वीकृत विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता पूर्ण निर्माण करने व सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में मिनी स्टेडियम निर्माण, नाली निर्माण, सीसी रोड, मंच निर्माण और महतारी सदन के लिए कई घोषणाएं की गई हैं, जिसका कार्य प्रारंभ हो चुका है, अब इन कार्यों को शीघ्र और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जहां किसी भी प्रकार की समस्या आए, उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित करते हुए कार्य को पूरा किया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, अपर कलेक्टर डॉ मोनिका कौडों, अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, नरेन्द्र पैकरा, विनय पोयाम सहित सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री आवास और आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण कार्यों की समीक्षा की



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के सभी विकासखंडों में चल रहे प्रधानमंत्री आवास और आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी आवास लंबित नहीं रहना चाहिए। यदि किसी कारणवश कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है, तो तत्काल समस्या का समाधान कर आवास निर्माण प्रारंभ किया जाए। इसके साथ ही, उन्होंने अमृत सरोवर योजना की प्रगति की भी समीक्षा की। इस दौरान बताया गया कि ग्रामों में अमृत सरोवर का निर्माण किया जाना है। कलेक्टर ने जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि वे जल्द से जल्द स्थल का चिन्हांकन कर प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने कहा कि सरोवर निर्माण के दौरान निकाली गई मिट्टी और मुरम का सदुपयोग किया जाए। इसका उपयोग सड़क निर्माण, खेल मैदान और अन्य सार्वजनिक स्थलों के लिए किया जा सकता है। कलेक्टर श्री वर्मा ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की और संबंधित एजेंसियों को समन्वय स्थापित कर कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सिंचाई योजनाओं के तहत भू-अर्जन प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की।

# क्षेत्र में पेयजल की संकट हैंडपंप का जल स्तर नीचे गिरने लगा ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की संकट अभी से गहरा होता जा रहा है। विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलेगांव के वार्ड क्रमांक 01 निवासियों को पेयजल की समस्या बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में पेयजल की संकट भी से उत्पन्न होने लगी है साथ ही साथ हैंडपंप का जल स्तर नीचे गिरने लगा है जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कते व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हैंडपंप का जल स्तर नीचे गिरने ने हैंडपंप से मटमैला पानी निकलने लगा। रहवासियों का मानना है कि वर्तमान में फरवरी-मार्च के महिने में पेयजल की समस्या उत्पन्न होने लगी है तो ग्रीष्म कालीन के समय में भारी संकट उत्पन्न हो सकती है। जिस लेकर शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा बंद व खराब हैंडपंप की सुधार व मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि गर्मी के महिने में ग्रामीणों को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े।



### क्षेत्र में नल जल मिशन योजना शोपीस

ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी से क्षेत्र में पेयजल की समस्या व शुद्ध पानी नही मिलने से वार्डवासियों को भारी परेशानियां तथा दूर-दराज से पेयजल उपलब्ध करने भारी मसक्कत करना पड़ रहा है। वहीं शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना नल जल मिशन योजना सिर्फ और सिर्फ शोपीस की तरह खड़ी है। वहीं ग्रामीणों ने जिम्मेदार व जनप्रतिनिधियो को इस ओर ध्यान देने तथा बंद व खराब तथा नल जल मिशन योजना को सुचारू रूप से संचालित कराने की मांग की गई।

# महाशिवरात्रि पर मंदिर शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारत की पावन भूमि के प्रत्येक कण को एकत्र कर दें तो वह पार्थिव शिवलिंग का रूप ग्रहण कर लेता है। शिव जी की विशेष कृपा संपूर्ण भारत में रही है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर सर्वेश्वर महादेव व जगत जननी मां पार्वती की विशेष पूजा अर्चना किया जाएगा। जिसमें निर्माय पार्थिवं लिङ्ग, शिव शक्त्यात्मकं परम पूजयेत प्रयतो भूत्वा न हि तं बाधते कलि।। अर्थात जो व्यक्ति शिव स्वरूप शक्तिमय (भगवान शंकर) श्रेष्ठ पार्थिव लिंग का निर्माण करके संयतचित्त होकर उसका पूजन करता है। उसे कलि (युग) बाधा नहीं पहुंचाता।। हम सभी अवगत हैं कि भारत की चारों दिशाओं से द्वादश ज्योतिर्लिंग अपनी कृपा बरसा रहे हैं। पश्चिम में सोमनाथ, नागेश्वर, भीमाशंकर, घृषनेश्वर त्र्यम्बकेशवर, उत्तर में केदारेश्वर, पूर्वोत्तर में वैद्यनाथ और काशी विश्वनाथ व दक्षिण में रामेश्वरम, दक्षिण-पूर्व में मल्लिकार्जुन तथा मध्य-पश्चिम में ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग स्थापित हैं। कुछ इसी तरह कबीरधाम जिले में स्थापित 12 प्राचीन शिवलिंग भी हम पर अपनी कृपा बरसा रहे हैं। जिसमें कवर्धा के पूर्वोत्तर में कामठी का विशाल शिवलिंग एवं घोघरा का प्राचीन शिवलिंग। पूर्व में जालेश्वर स्वयंभू शिवलिंग डोंगरिया, गौरकांपा का शिवलिंग, दक्षिण पूर्व में झिरना में स्थापित शिवलिंग और रानी सागर का सिद्धेश्वर शिवलिंग, उत्तर में पचराही का पंचायतन शिवलिंग और भोरमदेव का हाटकेश्वर शिवलिंग, दक्षिण-पूर्व में मोतेसरा (सोमनापुर) का वामदेव (चतुर्मुखी) शिवलिंग तथा कवर्धा नगर का विख्यात श्री पंचमुखी बूढ़ामहादेव शिवलिंग और राधाकृष्ण बड़े मन्दिर का प्राचीन शिवलिंग तथा उत्तर पश्चिम में रामचुआ का प्राचीन शिवलिंग जिले की धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण कर रहे हैं।



# विधानसभा में विधायक ने शिक्षकों के प्रशिक्षण व राजस्व के लंबित प्रकरणों एवं कैम्पा मद के अंतर्गत हुए कार्यों के संबंध में पूछा प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ विधानसभा के छठवीं विधानसभा का पंचम सत्र 24 फरवरी को राज्यपाल रमेन डेका के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। 25 फरवरी से विधानसभा सत्र शुरू हुआ, जिसमें पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए पंडरिया विधानसभा एवं प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विधानसभा में प्रश्न उठाया। श्रीमती भावना बोहरा ने शासकीय विद्यालय में शिक्षकों के प्रशिक्षण, कैम्पा मद से प्रदेश में हुए विभिन्न कार्यों की जानकारी और पंडरिया विधानसभा अंतर्गत लंबित राजस्व प्रकरणों के विषय में प्रमुखता से प्रश्न किया।



श्रीमती बोहरा ने स्कूल शिक्षा और शिक्षकों से सम्बंधित प्रश्न करते हुए पूछा कि वर्ष 2024 से शासकीय विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों हेतु क्या कोई ट्रेनिंग, एक्सचेंज या पर्सनेलिटी डेवलपमेंट कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है? यदि किया जा रहा है तो कबीरधाम व रायपुर अंतर्गत कितने शिक्षक वर्तमान अवधि तक इन प्रोग्राम के तहत लाभ ले चुके हैं? इस प्रकार का कोई कार्यक्रम नहीं चलाया जा रहा है तो क्या? भविष्य में शिक्षा के स्तर को और अच्छा करने हेतु ऐसे किसी कार्यक्रम की योजना है? जिसके लिखित प्रतिउत्तर में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत वर्ष 2024 से वर्तमान अवधि तक कबीरधाम में 3,757 तथा जिला रायपुर में 17,599 शिक्षक लाभान्वित हुए है। इसके अलावा भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा अंतर्गत लंबित राजस्व प्रकरणों के संबंध में प्रशन करते हुए पूछा कि विगत दो वर्षों में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के नजूल, नक्शा, रकबा, दूरस्तीकरण, नामांतरण, प्रमाणीकरण के कितने मामले लंबित हैं एवं लंबित प्रकरणों का निराकरण कब तक कर लिया जाएगा? राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने लिखित उत्तर देते हुए बताया कि पण्डरिया विधानसभा अंतर्गत अनुभाग पूर्व में नगर पंचायत होने के कारण नजूल, नक्शा, रकबा, दुरूस्तीकरण, नामांतरण, प्रमाणीकरण के मामले लंबित नहीं है।

### विकास कार्य जिले एवं विधानसभावार जानकारी भी उन्होंने उपलब्ध कराई: विधायक

विधायक ने कैम्पा मद के तहत प्रदेश में जिला एवं विधानसभावार हुए कार्यों के संबंध में प्रश्न करते हुए पूछा कि कैम्पा मद अंतर्गत अप्रैल 2024 से 30 जनवरी 2025 तक राज्य में कितनी राशि के काम स्वीकृत किए गए? कैम्पा मद हेतु छत्तीसगढ़ राज्य को 2024-25 वित्तीय वर्ष में कितनी राशि प्राप्त हुई है एवं प्राप्त राशि में कितनी राशि के कार्य आवंटित किए गए हैं? जिसके प्रतिउत्तर में लिखित जवाब देते हुए वन मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि कैम्पा मद अंतर्गत अप्रैल 2024 से 30 जनवरी 2025 तक राज्य में राशि 27681.91 लाख रूपए के काम स्वीकृत किए गए। इसकी जिले एवं विधानसभावार जानकारी भी उन्होंने उपलब्ध कराई। जिसमें कबीरधाम जिला अंतर्गत कवर्धा में 1 करोड़ 47 लाख रुपए एवं पंडरिया में 1 करोड़ 16 लाख के कार्यों सहित पूरे प्रदेश में कुल 276 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों की जानकारी उपलब्ध कराई। वहीं कैम्पा मद हेतु छत्तीसगढ़ राज्य को 2024-25 वित्तीय वर्ष में राशि 909.62 करोड़ रूपए प्राप्त हुए है एवं प्राप्त राशि से अब तक कोई कार्य आबंटित नही किए जाने की जानकारी उन्होंने दी।

### विकास कार्यों और जनहित की योजनाओं को जनता ने जमीनी स्तर पर देखा: भावना

भावना बोहरा ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने हमें जनप्रतिनिधि के रूप में चुना है ऐसे में यह हमारी नैतिक जवाबदारी है कि उनके हित और क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को हम विधानसभा में सदन व सरकार के समक्ष रखें। इससे क्षेत्र एवं प्रदेश में हो रहे कार्यों के बारे में जनता को भी जानकारी मिलती हैं वहीं क्षेत्र से जुड़े प्रमुख विषयों जिनके जवाब जनता चाहती हैं उससे भी वो रूबरू होते हैं। पिछले 1 वर्ष से अधिक के समय में छत्तीसगढ़ में हुए विकास कार्यों और जनहित की योजनाओं को जनता ने जमीनी स्तर पर देखा है और उनका लाभ आज उन्हें मिल रहा है। भाजपा सरकार का लक्ष्य पारदर्शिता के साथ क्षेत्र का विकास और प्रदेश के हर व्यक्ति को शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और इसी दिशा में विष्णु देव साय के नेतृत्व में हम प्रतिबद्धता से कार्य कर रहें हैं।

### राम्हेपुर कला में विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि बोड़ला।** बोड़ला विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में मंगलवार को कक्षा10वी के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। जिसमें कक्षा 9वी के विद्यार्थियों द्वारा यह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बच्चो को सफलता के मूल-मंत्र सम्बन्धी बाते बताई गई साथ ही साथ शत प्रतिशत विद्यालय के लक्ष्य को दोहराया गया। विद्यार्थियों द्वारा अपने सीनियर को सम्मान के साथ विदा करते हुए शुभकामनाएं एवं गीत, कविता, मोमबत्ती जलाना, कप जमाना, साड़ी पहनना, गुब्बारा फुलाना जैसे खेल गतिविधि के माध्यम उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय के गौरव, किरण साहू एवं मनीषा घृतलहरे द्वारा अपने अनुभव एवं कक्षा 10वी में अच्छे अंक लाने हेतु दृढ़निश्चय किया गया। वहीं शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा आशीर्वाद वचन से बच्चो का उत्साह वर्धन एवं परीक्षा संबंधी आवश्यक टिप्स दिए गए। इस अवसर पर शाला प्रमुख एमआर कोमरे, आरके साहू, नीलम वर्मा, सरिता बखला, छत्रपाल कश्यप एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की बी सर्टिफिकेट परीक्षा आयोजित

**हरिभूमि कवर्धा।** नगर के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरुष इकाई के संयुक्त तत्वधान में बी-प्रमाण पत्र के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया, प्राचार्य डॉ रिचा मिश्रा के निर्देशन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ राकेश चंदेल एवं डॉ कविता कन्नौजे तथा बाह्य परीक्षक के रूप में वजनराम साहू, स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। परीक्षा में पुरुष इकाई से 11 एवं महिला इकाई से 30 स्वयंसेवक कुल 41 स्वयंसेवक लिखित परीक्षा के बाद मौखिक परीक्षा में भाग लिए राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों तथा 220 कार्य दिवस करने वाले स्वयंसेवक सम्मिलित होते हैं। शिक्षा के साथ समाज में जन जागरूकता, कार्यक्रम सामाजिक सरोकार चिकित्सा स्वच्छता एवं राष्ट्रीय उद्देश्यों को पूर्ण करने वाले कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करते हुए देश के प्रति अपनी कर्तव्य का निःवर्हन करते हैं इसके साथ ही किए गए कार्यो को राष्ट्रीय सेवा योजना के डायरी में अंकित करते हुए सत्र के अंत में बी-प्रमाण पत्र के लिए परीक्षा का आयोजन एवं साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाता है। स्वयंसेवक वृक्षारोपण कार्यक्रम मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वास्थ्य परिवार कल्याण पौष्टिक आहार शिक्षा एवं प्राथमिक उपचार साक्षरता संबंधी सामाजिक कुरीतियों को दूर करना विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेते है तथा सुयोग्य नागरिक बनने की ओर अपना कदम बढ़ाते हैं समाज सेवा के साथ अपने व्यक्तित्व का विकास यही राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य हैं।

# दौजरी में आज धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा महाशिवरात्रि महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

शहर सहित क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाएगा। वहीं मंदिरो की साज-सज्जा व रंग-रोगन कर सजाया जा रहा है। साथ ही साथ ग्राम दौजरी में महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर भव्य तैयारियां की जा रही है। जिसमें शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व बड़ी ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। वहीं शहर सहित क्षेत्र के देवी मंदिरों में सुबह से देर रात तक भक्तों की भारी भीड़ पूजा अर्चना के लिए उमड़ेगी। साथ ही साथ महाशिवरात्रि महोत्सव के दिनभर मंदिर शिवालयों में ओम नमः शिवाय व हर हर महादेव की गूंज सुनाई देगी। जिसमें भक्तजनों द्वारा श्री शिव पूजन विधि विधान से तथा महाअभिषेक भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना के लिए जुटेंगें। आयोजन समिति ने बताया कि मंदिर में भव्य सजावट की तैयारी पूरी जोर शोर से की जा रही है तथा आसपास क्षेत्र में भारी भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

### कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल में विदाई समारोह का भव्य आयोजन मंगलवार को किया गया, जिसमें संस्था प्राचार्य लक्ष्मण मिरी द्वारा मां सरस्वती की तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वहीं कक्षा 9वीं के छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व सांस्कृतिक कार्यक्रम से किया गया। साथ ही साथ जूनियर छात्र छात्राओं द्वारा कक्षा 10 वी के विद्यार्थियों को शानदार खेल सिखाया गया। वहीं प्राचार्य द्वारा छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की हाई स्कूल के बाद विषय चुनाव का सबसे महत्वपूर्ण काम होता है, अपनी रुचि अनुरूप विषय का चुनाव करना चाहिए, पुस्तक सबसे अच्छा मित्र होता है इसलिए निरंतर पुस्तक पढ़ना चाहिए, पढ़ाई केवल नौकरी के लिए नहीं होना चाहिए, हमे अपने जीवन में एक अच्छा इंसान बनना चाहिए ताकि एक अच्छे समाज, देश का निर्माण कर सके। पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेना चाहिए, जिससे व्यक्तित्व का विकास होता है। हमे अपने आप पर पूर्ण विश्वास करना चाहिए और जीवन में पूर्ण अनुशासित रह कर आगे का कार्य करना चाहिए। इस दौरान सीमा वर्मा, वर्षा सोनी, कामना श्रीवास्तव, योगेश चौरिया, अनुराग जायसवाल व अजय श्रीवास्तव साथ ही कक्षा 9वी व 10वी के छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

### सुबह से देर रात तक भारी वाहनों का आवाजाही

# कवर्धा-बिलासपुर नेशनल मार्ग-30 बना डेंजर-जोन ग्रामीण व राहगीर प्रतिदिन हो रही सड़क दुर्घटना का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईवे-30 मार्ग बेहद संवेदन शील साबित हो रहा है। जिसमें ग्राम जोराताल, सिंघनपुरी, बरबसपुर, बिजाझोरी, हरिनछपरा रामहेपुर और भोरमदेव कारखाना-बिलासपुर नेशनल मार्ग में दिन-प्रतिदिन सड़क दुर्घटना सामने आ रही है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार कवर्धा-बिलासपुर नेशनल मार्ग में चोबीसों घंटा छोटी-बड़ी वाहनों का आवाजाही लगा रहता है साथ ही साथ तेज रफ्तार वाहन चालक फर्राटे व भारी लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से सड़क दुर्घटना घटित हो रही है। जिससे कवर्धा-बिलासपुर मार्ग खून से लाल हो रही है। जिस पर शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारी इन सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने में असफल साबित हो रही है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों को जन जागरूकता तथा सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट, डिवाइड तथा अन्य अभाव के कारण ग्रामीण तथा रहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार हो रही है।



HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**अनदेखी:** अब भी केन्द्रों में खुले आसमान के नीचे असुरक्षित पड़ा है लाखों क्विंटल करोड़ों का सरकारी धान

# धान खरीदी के करीब साढ़े चार माह बाद भी केन्द्रों से धान का उठाव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

प्रदेश सरकार ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जैसे-तैसे जिले के धान उत्पादक किसानो से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी कर तो ली है। लेकिन जहां तक करोड़ों रूपए का भुगतान कर किसानो से खरीदे गए इस धान के प्रति सरकार की जिम्मेदारी की बात की जाए तो वह कहीं नहीं दिखाई दे रही है।

आलम ये है कि बीते 14 नवम्बर 2024 से जिले की सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में खरीदी गई लाखों क्विंटल धान बीते करीब साढ़े चार माह से उठाव के आभाव में केन्द्रों में ही असुरक्षित ढंग से पड़ी है। सरकार के इस गैर जिम्मेदाराना रवैये के चलते एक प्रकार से सेवा सहकारी समितियों के लिए सिरदर्द बन चुके इस धान को लेकर अब समिति प्रबंधकों ने भी शासन-प्रशासन को आंख दिखाना शुरू कर दिया है और बकायदा लिखित आवेदन सौंपकर दो टूक कह रहे हैं कि हमने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य पूरा कर दिया है और अब समितियों में खुले आसमान के नीचे असुरक्षित ढंग से पड़ी लाखों क्विंटल धान को होने वाले नुकसान की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है। इसलिए बेहतर होगा कि शासन-प्रशासन जल्द से जल्द इस धान का उठाव कर ले। एक ऐसा ही आवेदन जिले के विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ग्राम कोदवागोड़ान में संचालित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित, कोदवागोड़ान, पंजीयन क्रमांक 2241 के कार्यालय से भी संस्था प्रबंधक ने जिला-विपणन अधिकारी सहित संबंधित विभाग के अन्य अधिकारियों को एक आवेदन सौंपकर बताया है कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कोदवागोड़ान पंजीयन क्रमांक 2241 खरीफ विपणन वर्ष 2024.25 में कुल 109987.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। लेकिन जहां तक खरीदे गए धान के उठाव की बात की जाए तो आज दिनांक तक कुल धान का उठाव 65690.49 क्विंटल ही हुआ है।

वर्तमान में 44296.71 क्विंटल धान का स्टॉक आज भी समिति में खुले आसमान के नीचे असुरक्षित ढंग से पड़ा हुआ है। समिति प्रबंधक की माने तो पिछले करीब 15 से 20 दिनो से एक भी गाड़ी उठाव के लिए केन्द्र में नहीं पहुंची है। इस स्थिति में समिति ने दो टूक कहा है कि धान का सुखत या मौसम संबंधित (शॉर्टेट) समस्या में समिति की कोई जिम्मेदारी नही होगी। बेहतर होगा कि धान का उठाव तत्काल किया जाए। यहां बताना लाजिमी होगा कि यह स्थिति सिर्फ कोदवागोड़ान धान खरीदी केन्द्र भर की नहीं है बल्कि जिले के प्रायः हर धान खरीदी केन्द्र में यही स्थिति बनी हुई है। जहां खरीदी के करीब साढ़े चार माह बाद भी धान के उठाव के प्रति शासन-प्रशासन द्वारा कोई रूचि नहीं दिखाई जा रही है।

### लोगों में चर्चा, सरकार के पास नहीं है धान को लेकर कोई नीति



किसानो द्वारा अपने खून, पसीने से सींचकर तैयार की गई धान की समर्थन मूल्य में खरीदी के बाद ऐसी दुर्दशा को देखकर किसान और लोगों के बीच इस बात को लेकर चर्चा है कि सत्ता में चाहे कांग्रेस की हो या फिर भाजपा की लेकिन वास्तविकता ये है कि धान को लेकर किसी भी सरकार के पास कोई स्पष्ट नीति नहीं है। समर्थन मूल्य में खरीदे गए धान के प्रति सरकारों की इस तरह की लापरवाही और बदइंतजामी को देखकर अब तो लोग यह भी कहने से नहीं चूक रहे हैं कि धान खरीदी अब सिर्फ राजनैतिक दलों के लिए चुनाव जीतने और सत्ता पाने का जरिया बन गई है। यहीं वजह है कि राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव के दौरान धान की बढ़ चढ़कर बोली लगाकर और सत्ता में आने के बाद खरीदी तो की जाती है लेकिन खरीदी के बाद खरीदे गए धान को बर्बाद होने के लिए केन्द्रों में ही छोड़ दिया जाता है।

### हर साल होता है करोड़ों का नुकसान

यह कटू सत्य है कि छत्तीसगढ़ की सरकार किसानो को जो प्रति क्विंटल धान की कीमत दे रही है वह बाजार मूल्य से कहीं अधिक है। जिससे सरकार पर हर साल करोड़ों का अतिरिक्त भार पड़ता है। उस पर जिस ढंग से धान के प्रति शासन-प्रशासन द्वारा गैरजिम्मेदारी व लापरवाही बरती जाती है उससे यह भार और अधिक बढ़ जाता है। जिसे बाद में सरकारें किसी न किसी ढंग से आम लोगों के कंधों पर ही डाल देती है। नतीजतन लोगों को कमरतोड़ मंहगाई, मनमाने टैक्स आदि का सामना करना पड़ता है।

## पिता ने ससुराल पक्ष पर लगाया अपने पुत्र की हत्या का आरोप

- दामापुर पुलिस चौकी में दर्ज कराई लिखित शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुण्डा

जिले के कुण्डा थाना क्षेत्र की दामापुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम देवगढ़िया निवासी देवेश कुमार पिता निर्मल कुमार अपनी पत्नी के साथ ही ससुराल पक्ष पर उसके तीन माह के पुत्र की हत्या करने का बेहद गंभीर और सनसनीखेज आरोप लगाया है। प्रार्थी ने इस मामले की बकायदा लिखित शिकायत दामापुर पुलिस चौकी में कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग भी की है।



इस संबंध में प्रार्थी देवेश कुमार पिता निर्मल कुमार ने बताया कि उसकी शादी ग्राम बिनौरी निवासिनी श्रीमती मिथला पिता नारायणा दिवाकर के साथ सामाजिक रिति रिवाज के साथ 22 अप्रैल 2023 को हुई थी। विवाह पश्चात प्रार्थी की पत्नि मात्र कुछ दिन अपनी ससुराल ग्राम देवगडिया में रही तथा प्रार्थी के ससुर के द्वारा प्रार्थी की पत्नि जो गर्भ में थी तभी अपने साथ ग्राम बिनौरी ले आया और उसके पश्चात प्रार्थी के साथ वाद विवाद करने लगा। उसका कहना था कि मेरी पुत्री मिथला अब तुम्हारे घर नहीं जायेगी। जिसका प्रकरण कवर्धा न्यायालय में वर्तमान में लंबित है। देवेश के मुताबिक उसकी पत्नि के द्वारा 26 नवम्बर 2024 को सामान्य प्रसव से पुत्र को जन्म दिया गया जिसकी सूचना प्रार्थी को प्राप्त होने पर व अपने पुत्र को देखने ग्राम पण्डरिया के शासकीय अस्पताल में आया था जहां उसने अपनी पत्नी से ग्राम देवगढ़िया जाने को कहा तब प्रार्थी के ससुर ने कहा कि मेरी पुत्री न आज जायेगी न कल जायेगी। जिस पर वह अपने पुत्र को देखकर वापस लौट आया। देवेश ने बताया कि उसकी अगली मुलाकाता अपनी पत्नी व पुत्र से कवर्धा न्यायालय में 17 फरवरी 2025 को पेशी के दौरान हुई थी तथ उसका पुत्र पूरी तरह से स्वस्थ था। लेकिन 19 फरवरी 2025 की सुबह 5.00 बजे उसके ससुर के द्वारा पण्डरिया स्थित शासकीय अस्पताल से फोन कर बताया गया कि उसके पुत्र की मृत्यु हो गई है, तुम उसे आकर ले जाओ। देवेश ने बताया कि जब वह अस्पताल पहुंचा और देखा तो उसका पुत्र काला पड़ गया था एवं जीभ भी काली हो गयी थी प्रार्थी को आशंका है कि उसकी पत्नी मिथला-सहित ससुराल पक्ष के नारायण दिवाकर, श्रीमती हेमती बाई, मुकेश दिवाकर, वंदनी दिवाकर के द्वारा उसके पुत्र जहर देकर मौत के घाट उतारा गया है। पीड़ित पिता ने पुलिस प्रशासन को लिखित आवेदन सौंपकर मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### खबर संक्षेप

#### अब किसान एप के जरिए खुद कर सकेंगे पंजीयन

**कवर्धा।** किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी व प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से कृषक पंजीयन डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के तहत पंजीयन प्रक्रिया शुरू की गई है। डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के तहत किसानों को सुविधा होगी। यह पहल कृषि क्षेत्र के डिजिटलीकरण में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे किसानों को अनुदान, बीमा और विभिन्न सहायता योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। किसान स्वयं मोबाइल एप के माध्यम से पंजीयन कर सकेंगे। इसके अलावा, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) और वेबसाइट के जरिए पटवारी भी इस काम में सहायता करेंगे।

## अधिवक्ता संशोधन कानून के विरोध में जिले के अधिवक्ताओं ने दिया एक दिवसीय धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिला अधिवक्ता संघ ने अधिवक्ता संशोधन कानून के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया और न्यायालय का कामकाज पूरी तरह से ठप रखा। जिलेभर के अधिवक्ता अपनी मांगों को लेकर न्यायालय के बाहर हांथों में तख्ती लिए और नारेबाजी करते नजर आए। दरअसल प्रदर्शन कर रहे वकीलों की मांग है कि नए कानून संशोधन बिल को वापस लिया जाए और कानून को यथावत रखा जाए। अधिवक्ताओं का मानना है कि नए कानून के लागू होने पर वकीलों के अधिकारों में कमी आएगी। जिससे वे अपने पक्षकार की बात सही तरीके से अदालत में नहीं रख पाएंगे। प्रदर्शन कर रहे वकीलों का कहना है कि नया कानून लागू होने से केवल एलएलबी डिग्रीधारी व्यक्ति ही नहीं, बल्कि जो लोग निजी कंपनियों में काम करते हैं, वे भी अधिवक्ता के श्रेणी में आ जाएंगे। इस तरह के संशोधन से पेशेवर अधिवक्ताओं के अधिकारों का उल्लंघन होगा। नया कानून लागू होने से वकीलों को एक फॉर्मेट के अनुसार कार्य करने के लिए बाध्य होना होगा। नए कानून को लेकर अधिवक्ताओं का यह भी कहना है कि इससे उनके अधिकारों में तो कमी आएगी। हम अपने पक्षकार की बात भी सही से कोर्ट में नहीं रख पाएंगे। वहीं जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पोखराज सिंह परिहार ने कहा कि नए कानून बिल के संशोधन और उसे लागू करने की सूरत में वकीलों ने सरकार को चेतावनी दी है। वकीलों ने कहा है कि अगर हमारी मांगें नहीं मानी गई तो हम सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस सभी घटनाओं की जवाबदेही सरकार की होगी।




## सफलता प्राप्ति के लिए धैर्य, त्याग व परिश्रम आवश्यकः प्राचार्य डॉ. रमेश

- सफलता का कोई शॉर्टकट रास्ता भी नहीं होता

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

दुनिया में सभी व्यक्ति सफल होना चाहते हैं, लेकिन सफलता यूं प्राप्त नहीं होता है। सफलता का कोई शॉर्टकट रास्ता भी नहीं होता है। सफलता प्राप्ति के लिए धैर्य, त्याग, परिश्रम व आत्मविश्वास आवश्यक होता है।

जितना बड़ा लक्ष्य तय करते हैं, उतना ही कठिन त्याग व परिश्रम की आवश्यकता पड़ता है। उक्ताशय का उद्गार शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने दसवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित विदाई कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने आगे कहा कि दसवीं के बाद कई दरवाजे खुलते हैं, अपने लक्ष्य की दिशा में क्रमशः आगे बढ़ते जाएं। परिश्रम के बाद भी सकारात्मक परिणाम न आए तो निराश न हों। इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी परीक्षा, जीवन में अंतिम परीक्षा नहीं होता है। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना एवं शिक्षकों व 10 वीं के विद्यार्थियों के स्वागत से हुआ। तत्पश्चात सेवानिवृत्त व्याख्याता राजाराम साहू, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी एवं वीणाक्षी नामदेव ने विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की शुभकामनाएं दिया। दसवीं के विद्यार्थी पलक निराला, मुस्कान जोशी, मंजुला सोनवानी, अमन चंद्रोल, हीना जोशी, शिवानी जोशी आदि ने अपने स्कूली जीवन के यादगार बताते कुछ अनुभवों को शेयर किया।

सेवानिवृत्त व्याख्याता राजाराम साहू ने सन 2024 में विद्यालय में प्रथम स्थान के लिए दामनी जायसवाल को 1051 रुपए एवं द्वितीय स्थान हेतु अर्चना साहू को 751 रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन नवमीं के छात्रा मुस्कान जोशी एवं जिज्ञासा टण्डन ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने नगर विकास कार्यों का किया निरीक्षण

### निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश



- निरीक्षण के दौरान नपा अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे महत्वपूर्ण विकास कार्यों का निरीक्षण किया और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ठाकुर देव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक बनने वाली सड़क चौड़ीकरण परियोजना का मुआयना किया, जिसकी कुल लागत 11 करोड़ रुपए है। इस दौरान उन्होंने बिजली पोल शिफ्टिंग के कार्य को प्राथमिकता देने, निर्माण कार्यों में कुशल श्रमिकों की संख्या बढ़ाने और समय सीमा के भीतर सभी परियोजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने करपात्री स्कूल के सामने 50 लाख रुपए की लागत से बन रहे पाथवे और गार्डन निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इसके अलावा नगर पालिका कार्यालय के सामने 1 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित हो रही चौपाटी तथा डीएफओ कार्यालय के सामने निर्माणाधीन चौपाटी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी निर्माण कार्यों को शीघ्रता और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि जो स्थल पहले ही तैयार हो चुके हैं, वहां से निर्माण सामग्री को तुरंत हटाया जाए ताकि यातायात बाधित न हो। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, लोक निर्माण के कार्यपालन अभियंता रंजीत घाटगे, विद्युत विभाग के अधिकारी, सीएमओ रोहित साहू, लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नगर सौंदर्यीकरण और सुव्यवस्थित विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है कवर्धा

कबीरधाम जिले का प्रमुख नगर कवर्धा, समृद्ध कवर्धा-सुव्यवस्थित कवर्धा के मॉडल शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से नगर को सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू की गई हैं। ठाकुर देव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक की चौड़ी और पक्की सड़क इस योजना का एक अहम हिस्सा है, जिससे आवागमन सुगम होगा और यातायात दबाव कम होगा। इस मार्ग के उन्नयन से शहरवासियों को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलेगी और हाईटेक बस स्टैंड का बेहतर कनेक्टिविटी से लाभ मिलेगा। इसके अलावा, नगर पालिका के सामने अत्याधुनिक चौपाटी और गार्डन का निर्माण भी शहर के सौंदर्यीकरण और नागरिक सुविधाओं में बढ़ोतरी करेगा। इन स्थानों को मनोरंजन केंद्र और सार्वजनिक सुविधाओं के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां बैठने की बेहतर व्यवस्था, हरियाली और अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि नगर के विकास कार्यों को समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यों की सतत निगरानी करें और किसी भी प्रकार की देरी न हो।

## कक्षा 12 वीं की छात्राओं को दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पंडरिया

नगर के हॉयर सेकेंडरी कन्या विद्यालय में कक्षा 12वीं की छात्राओं के लिए कक्षा11वीं की छात्राओं द्वारा विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कक्षा12वीं की छात्राओं को तिलक लगाकर व बैच पहनकर स्वागत किया गया तथा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई एवं विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रसंघ के पदाधिकारियों सहित छात्राओं को विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन व प्रतियोगिताओं में विजयी होने के लिए प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही साथ सर्वाधिक उपस्थिति के लिए कक्षा12वीं विज्ञान की छात्रा रागिनी श्रीवास को पुरुस्कृत किया गया और स्टूडेंट ऑफ द ईयर का पुरस्कार कक्षा12वीं कला से लक्ष्मी मिरे को दिया गया। संस्था की प्राचार्य श्रीमती एनके एक्का ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए कड़ी मेहनत एवं समय प्रबंधन के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती शैल बिसेन ने छात्राओं को स्वयं पर पूर्ण विश्वास करते हुए पूर्ण लगन के साथ परीक्षा में एवं जीवन के हर कदम में सफलता प्राप्त करने शुभकामनाएं दी।

### विदाई समारोह...



**पंडरिया।** हॉयर सेकेंडरी कन्या विद्यालय में आयोजित किया गया विदाई समारोह।

**धर्म नगरी कवर्धा में रचाया जाएगा गौरा गौरी विवाह, आयोजकों की तैयारियां पूरी**

## महाशिवरात्रि पर आज निकलेगी भगवान महाकाल की बारात





हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धर्म नगरी कवर्धा में महाशिरात्रि का पर्व देवों के देव महादेव की भक्ति के साथ धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। बीते वर्षो की तरह इस वर्ष भी बाबा श्री महाकाल भक्त मण्डल समिति द्वारा नगर में बाबा श्री महाकाल की भव्य बारात एवं गौरा गौरी विवाह का आयोजन किया जाएगा। समिति द्वारा इस आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस संबंध में आयोजन समिति के पदाधिकारी विकास केशरी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर धर्मनगरी में गाजे-बाजे एवं भूत प्रेत के साथ महाकाल की विशाल बारात निकाली जाएगी। जिसमें भव्य झांकी के साथ अघोरियों के दल शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे। वहीं शोभायात्रा में सिरसा हरियाणा की जींवत झांकी का प्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र रहेगा। उन्होने बताया कि भगवान महाकाल का दोपहर 2.30 बजे नगर के श्री बुढामहादेव मंदिर में महाभिषेक किया जाएगा। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाकाल की बारात निकाली जाएगी जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए नगर के महामाया मन्दिर के समीप भारत माता चौक पहुंचेगी जहां गौरा गौरी विवाह संपन्न होगा। विवाह उपरांत भस्म आरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा। बारात आकर्षक झांकी, करतब, डीजे, बैगा, पंथी नृत्य से सजी होगी।

### अंचल के शिवालयों में भी तैयारी

महाशिवरात्रि के पर्व को देखते हुए कवर्धा नगर के सिद्धपीठ पंचमुखी बुढ़ा महादेव मंदिर, भोरमदेव, जालेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भी भव्य तैयारियां की गई है। यहां बताना लाजमी होगा कि महाशिवरात्रि के मौके पर अंचल के इन तमाम शिवालयों बड़ी संख्या में शिवभक्त पहुंचते हैं और भगवान भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना कर आशिर्वाद प्राप्त करते हैं। इसके अलावा शिवरात्रि के मौके पर अंचल के कई शिवालयों अथवा गांवों में मेला का भी आयोजन किया जाता है। कुल मिलाकर महाशिवरात्रि को लेकर अंचल के शिवभक्तों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

## प्रथम चरण में 50 एमसीएफटी छोड़ा गया पानी

# मटियामोती से शिवनाथ नदी में तीन दिन में पहुंचेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शिवनाथ नदी मोहारा एनीकट का जल स्तर कम होने के कारण रॉ-वाटर प्रदाय के लिए कलेक्टर एवं प्रशासक संजय अग्रवाल के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग बालोद को मटियामोती जलाशय से नगर निगम राजनांदगांव के लिए आरक्षित पानी में से पानी छोड़ने पत्र लिखा गया था।

जिसके परिपालन में मंगलवार को जल विभाग के अधिकारी पानी छोड़ाने मटियामोती जलाशय पहुंचे और बालोद जिले के जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता एके बघेल, उप अभियंता स्वाति देवांगन एवं नगर निगम राजनांदगांव के जल विभाग के तकनीकी अधिकारी व स्टॉफ की उपस्थिति में मटियामोती जलाशय से प्रथम चरण में 50 एमसीएफटी पानी को छोड़ने की कार्रवाई की गई। उक्त पानी लगभग 3 दिनों में 40 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद मोहारा स्थित शिवनाथ एनीकट पहुंचेगा।

उल्लेखनीय है कि मटियामोती जलाशय के लगभग 600 एमसीएफटी पानी में से 350 एमसीएफटी पानी ग्रीष्म ऋतु के लिए नगर निगम राजनांदगांव को पेयजल आपूर्ति के लिए सुरक्षित रखा गया है। जिसमें से 50 एमसीएफटी पानी पहले चरण में लिया गया है। जिसके अंतर्गत मंगलवार को 150 क्यूसेक (घनफीट प्रति सेकंड) की दर से मटियामोती से पानी छोड़ा गया। पानी पहुंचते तक निगम प्रशासन के जल विभाग के अमले द्वारा पानी की सुरक्षा के लिए रूट मार्ग पर मानिटरिंग की जाएगी। इस अवसर पर उप अभियंता अनुप पाण्डे व युवराज कोमरे, जल प्रभारी लिपिक तुषार शुक्ला सहित मटियामोती जलाशय एवं जल विभाग का अमला उपस्थित था।